

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, शुक्रवार 15 दिसंबर 2023 ■ मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-3 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-256 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 16 दिसंबर 2023 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

## संक्षेप

### बेमेतरा में गुड़ व्यापारी के यहां आईटी का छापा

**रायपुर,15 दिसंबर।** छग राज्य स्थापना के बाद से आयकर विभाग की अबतक की सबसे बड़ी कार्रवाई हुई है। प्रदेश में 18 प्रमुख व्यावसायिक संस्थाओं के करीब 50 ठिकानों पर एक साथ दबिश दी गई है। बेमेतरा में आईटी ने गुड़ व्यापारी हर्षद सुराना के ठिकानों पर छापा मारा है। रायपुर में 49 परिसर और बेमेतरा जिले में एक परिसर को आयकर विभाग ने जांच दायरे में लिया है। रायपुर में अनाज कारोबारी पारस जैन के पास से 2 करोड़ रुपये से अधिक की बेहिसाब नकदी जब्त की गई है। ऑपरेशन के दौरान सामने आई शेष नकदी, सोना और अन्य अघोषित संपत्तियों का आंकलन किया जा रहा है। आयकर विभाग ने पहले दिन ही भारी मात्रा में कंप्यूटर हार्डडिस्क और लूज पेपर जब्त किये थे। इस छापामार कार्यवाही में 150 सुरक्षा जवानो के साथ पूरे देश के करीब 400 टैक्समैन तलाशी अभियान में शामिल हैं।

### दुकानदारों से खुले में मांस न बेचने की अपील

**भोपाल,15 दिसंबर।** मध्य प्रदेश में मोहन सरकार ने खुले में मांस-मटन की बिक्री पर पाबंदी लगा दी है। जिसे लेकर सभी प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दे दिए गए हैं। वहीं अब इसके समर्थन में राष्ट्रीय मुस्लिम मंच भी उतर गया है। राष्ट्रीय मुस्लिम मंच पुराने शहर के मीट दुकानदारों को जागरूक कर रहे हैं। राष्ट्रीय मुस्लिम मंच ने व्यापारियों से अपील करते हुए कहा है कि खुले में मांस की बिक्री न की जाए। साथ ही सांप्रदायिक माहौल न बिगड़े इसके लिए पहल की जा रही है। साथ ही नियम उल्लंघन पर कार्यवाही की भी चेतावनी दी जा रही है। बता दें कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सीएम बनते ही आदेश जारी किया था कि खुले में मांस और मटन की बिक्री नहीं की जानी चाहिए।

### चांद से पत्थर लाएंगे हमः सोमनाथ

**बंगलुरु,15 दिसंबर।** इसरो प्रमुख डॉ. श्रीधरा पन्नीकर सोमनाथ ने कहा कि इसरो अब चंद्रमा से उसकी मिट्टी और पत्थरों का सैंपल धरती पर लेकर आएगा। इसरो चीफ राष्ट्रपति भवन कल्चरल सेंटर में 'राष्ट्रपति भवन विमर्श श्रृंखला' में लेक्चर दे रहे थे. उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को भरोसा दिलाते हुए कहा कि, मैं आपको भरोसा दिलाता हूं कि



हम चांद से पत्थर लेकर जरूर आएंगे. वह भी अपने दम पर. सोमनाथ ने कहा कि यह मिशन इतना आसान नहीं होगा. अगर आप चांद पर जाते हैं और वहां से वापस आते हैं. वह भी कई तरह की रिकवरी करते हुए तो आपको कई आधुनिक तकनीकों की जरूरत पड़ती है. इसके लिए हमें अभी काफी काम करना बाकी है. सैंपल रिटर्न मिशन काफी जटिल होता है.

यह पूरा ऑटोमैटिकली होगा. इसमें इंसानों की भूमिका कम से कम होगी. इसरो चीफ ने कहा कि इन तकनीकों को विकसित करने में कम से कम चार साल लग जाएंगे. यही हमारा टारगेट भी है. आपको बताते हैं कि चंद्रयान-4 मिशन में क्या-क्या होगा. वैसे इसरो चीफ ने अपने लेक्चर में यह बात नहीं बताई कि ये मिशन जापान के साथ कर रहे हैं या नहीं. हो सकता है इसे इसरो अकेले अपने दम पर कर ले. लेकिन पहले जो प्लान था, उसमें जापानी स्पेस एजेंसी भी शामिल थी.





## सरकार बदलते ही सीएम कारकेड की गाड़ियों से हटा पूर्व मुख्यमंत्री बघेल का खास नंबर

**रायपुर,15 दिसंबर।** प्रदेश में सरकार पलटते ही बदलाव का दौर शुरू हो गया है. सरकार बदलते ही मुख्यमंत्री की गाड़ियों का नंबर भी बदल गया है. ये वही गाड़ियां हैं जिन्हें पूर्व की कांग्रेस सरकार ने खरीदा था. जिसमें पूर्व सीएम भूपेश बघेल बैठते थे. उन्होंने अपने काफिले की गाड़ियों के लिए खास नंबर चुना था. कारण था नंबर का लकी होना. दरअसल, 23 अंक को पूर्व सीएम बघेल अपना लकी नंबर मानते थे. इसलिए उन्होंने काफिले की गाड़ी का नंबर यही रखवाया था. अगस्त 2023 में ही खरीदी गई चमचमाती हुई टोयोटा फॉर्च्यूनर कार का नंबर पूर्व सीएम ने CG 02 BB-0023 चुना था. लेकिन अब इसमें बदलाव कर दिया गया है. गाड़ियां तो वही हैं, लेकिन नंबर बदल दिया गया है.

वर्तमान में सीएम के काफिले की गाड़ियों में जो नंबर है वो पुलिस कैटेगरी का है. सीएम साय की गाड़ी का नंबर CG 03 9502 है. जिसमें 03 का मतलब पुलिस कैटेगरी गाड़ी से है. वहीं इससे पहले गाड़ी का नंबर CG 02 था. जिसे अब बदल दिया गया है. इतना ही नहीं पूर्व सीएम रमन सिंह और पूर्व सीएम भूपेश बघेल के काफिले की सभी गाड़ियों के नंबर एक ही थे. जबकि अभी काफिले में शामिल गाड़ियों के नंबर अलग-अलग हैं.

**क्या था 'CG 02 BB 0023' का मतलब ?-** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश के काफिले में 'CG 02 BB 0023' में कई सारे रहस्य थे. जिसमें CG मतलब छत्तीसगढ़, 02 का अर्थ सरकारी गाड़ी, BB का मतलब BHUPESH BAGHEL, वहीं '23' का मतलब, सीएम के बर्थ डेट निकाला जा रहा था. भूपेश बघेल का जन्मदिन 23 अगस्त 1961 है. जिसमें से बर्थडे की तारीख गाड़ी के नंबर के लिए ली गई थी.

बता दें कि रमन सरकार में खरीदी गई मित्सुबिसी पजेरो को सुरक्षा कारणों से काफिले से हटा दिया गया था. पुरानी गाड़ियां करीब पांच साल चल चुकी थी. सुरक्षा के लिहाज से भी इन गाड़ियों को बदलना जरूरी हो गया था. नई गाड़ियों की खरीदी के लिए एक उच्च स्तरीय कमेटी बनाई गई थी. कमेटी ने कई अलग-अलग कंपनियों के कोटेशन मंगाए गए थे. कमेटी की ओर से टोयोटा फॉर्च्यूनर पसंद की गई. कमेटी के अप्रूवल के बाद काफिले के लिए 14 नई गाड़ियां खरीदी गई. इन गाड़ियों में से चार बुलेटप्रूफ बनाई गई है. नई गाड़ियां एडवांस तकनीक से लैस हैं. विशेषकर सीएम की सुरक्षा को ध्यान में रखकर इन गाड़ियों को पंजाब में विशेष रूप से कस्टमाइज कराया गया है. बताते हैं कि स्पीड मॉनिटरिंग से लेकर लाइव लोकेशन को भी ट्रैक किया जा सकता है. रमन सरकार के दौरान जब मित्सुबिसी पजेरो खरीदी गई थी, तब गाड़ियों का नंबर 0004 रखा गया था.

## सीएम के दिल्ली से लौटने के बाद होगा मंत्रिमंडल का विस्तार : साव



**रायपुर,15 दिसंबर।** उपमुख्यमंत्री अरुण साव रायपुर के पंडरी में स्थित आरएसएस कार्यालय पहुंचे. उन्होंने संघ के पदाधिकारी से मुलाकात की. इस दौरान उन्होंने छत्तीसगढ़ में भाजपा को जीत मिली है. जनता की अपेक्षाएं हैं, हमारी सरकार जनता की अपेक्षाओं को पूरा करने का कार्य करेगी. बचपन से संघ से वैचारिक रूप से जुड़ा हूं, इसलिए मुलाकात करने पहुंचा हुआ हूं. वहीं डिप्टी सीएम अरुण साव ने मंत्रिमंडल के गठन को लेकर बड़ी अपडेट दी है.

मंत्रिमंडल को लेकर उपमुख्यमंत्री साव ने कहा कि सीएम विष्णुदेव साय 17 दिसंबर को दिल्ली जाएंगे. मंत्रिमंडल को लेकर बीजेपी के बड़े नेताओं से चर्चा हो सकती है. मुलाकात के बाद कैबिनेट का गठन हो सकता है. विधानसभा सत्र से पहले मंत्रिमंडल का शपथ ग्रहण हो सकता है. लगातार बढ़ रहे नक्सली घटना को लेकर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि कल कांकेर में बीएसएफ के जवान अखिलेश राय शहीद हुए. केंद्रीय बल लगातार छत्तीसगढ़ सरकार के साथ मिलकर बहादुरी से काम कर रहे हैं. सरकार नक्सली उन्मूलन के लिए प्रतिबद्ध है. छत्तीसगढ़ में शांति हो इसके लिए हमारी सरकार पूरी ताकत से काम करेगी. हमारे कार्यकताओं की टारगेट किलिंग की गई है, लगातार घटनाएं हुई है लेकिन हमारी सरकार पूरी तरह गंभीर है,सजगता से इस पर काम करेंगे.

### साय ने राजस्थान के मुख्यमंत्री को दी बधाई

रायपुर, 15 दिसम्बर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने राजस्थान के नवनियुक्त मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा को बधाई और शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान विकास की नई ऊंचाईयों को छुएगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने श्री भजन लाल को उनके जन्मदिन और मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के अवसर पर अपनी शुभकामनाएं देते हुए राजस्थान की जनता को नई सरकार चुनने के लिए बधाई दी है।

### आज का भारत सरदार पटेल के सपनों का भारत है : सीएम योगी

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को भारत के पूर्व गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की 74वीं पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। वाराणसी दौरे के दूसरे दिन मुख्यमंत्री ने मलदहिया स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। सीएम योगी ने देश के प्रति उनके योगदान को याद करते हुए कहा कि लौहपुरुष एक महान स्वाधीनता संग्राम सेनानी थे और इसके साथ ही स्वतंत्र भारत में उनका योगदान नए भारत के शिल्पी के रूप में रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरदार पटेल ने भारत के 563 रियासतों को भारत गणराज्य का हिस्सा बनाया।

## 4 लाख के सोने-चांदी के जेवरों के साथ चार नाबालिग गिरफ्तार

**बलौदाबाजार,15 दिसंबर।** जिले में लगातार सूने मकानों में हो रही चोरी की घटनाओं को देखते हुए पुलिस कार्रवई कर रही है. इस बीच हथबंद थाना क्षेत्र में सूने मकान में चोरी की घटना का मामला थाने में दर्ज हुआ. इस पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चार अपचारी बालकों को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है. साथ ही चारों के पास से लगभग चार लाख पंद्रह हजार रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवर बरामद की गई है. चारों नाबालिगों ने चोरी की घटना को अंजाम देना स्वीकार कर लिया है. मामला हथबंद थाना क्षेत्र का है. इस मामले में थाना प्रभारी अजय झा ने बताया कि, पीड़िता हथबंद और भाटापारा दोनों जगहों पर निवास करती है और उनका आना जाना लगा रहता है. बच्चों की परीक्षा की वजह से काफी दिनों से नहीं आई थी. 13 दिसंबर को जब वह हथबंद आई और घर के स्टोर रूम में रखे सोने-चांदी के जेवर गायब मिले तो उन्होंने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई. इसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर टीम बनाकर जांच में जुट गई थी. सघन जांच पड़ताल के बाद चारों अपचारी बालकों को पकड़ा गया. पूछताछ करने पर चारों ने चोरी करना स्वीकार कर लिया है. साथ ही आरोपियों के कब्जे से सोने-चांदी के पूरे सामान लगभग 4.15 लाख रुपये जब्त किया गया है. चारों आरोपी विधि से संघर्षरत है, इसलिए इन्हें बलौदाबाजार के किशोर न्यायालय में पेश किया गया है.

## राजस्थान में भजनलाल,दीया,बैरवा ने ली शपथ

**जयपुर,15 दिसंबर।** भजनलाल शर्मा ने आज से राजस्थान की कमान संभाल ली। राज्यपाल कलराज मिश्र ने जयपुर में अल्बर्ट हॉल के बाहर मैदान में आयोजित एक भव्य समारोह में भजनलाल को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। भजनलाल के साथ ही दीया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह समेत कई केंद्रीय मंत्री, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, राजस्थान भाजपा अध्यक्ष सीपी जोशी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव समेत कई राज्यों के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। शपथ ग्रहण समारोह में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया और अशोक गहलोत भी उपस्थित थे।





शपथ समारोह से पहले भजनलाल शर्मा ने सुबह गोविंद देवजी मंदिर में दर्शन किये और टोंक रोड पर पिंजरापोल गोशाला में गायों को चारा खिलाया। उन्होंने अपने दिन की शुरूआत प्रसिद्ध गोविंद देवजी मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ की। परिवार के सदस्यों और समर्थकों के साथ शर्मा बाद में गोशाला पहुंचे। उसके बाद उन्होंने घर पहुंचकर अपने माता-पिता का आशीर्वाद लिया। हम आपको बता दें कि भजनलाल शर्मा पहली बार विधायक चुने गये हैं। उन्होंने जयपुर की सांगानेर सीट से चुनाव जीता है। 12 दिसंबर को भाजपा विधायक दल की बैठक में शर्मा को विधायक दल का नेता चुना गया था। बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने नए मुख्यमंत्री के नाम का प्रस्ताव रखा जिसे विधायक दल ने स्वीकार कर लिया था।

दूसरी ओर, दीया कुमारी की बात करें तो आपको बता दें कि राजस्थान की उपमुख्यमंत्री और जयपुर के पूर्व राजपरिवार की सदस्य दीया कुमारी दो बार विधायक और एक बार सांसद रह चुकी हैं। दीया कुमारी राजसमंद से भाजपा की सांसद थीं और उन्हें विधानसभा चुनाव में जयपुर की विद्याधर नगर सीट से मैदान में उतारा गया था। दीया कुमारी 2013 में सवाई माधोपुर विधानसभा सीट से पहली बार विधायक बनीं थीं। 2019 के लोकसभा चुनाव में वह राजसमंद निर्वाचन क्षेत्र से सांसद चुनी गईं। 51 वर्षीय दीया कुमारी जयपुर के पूर्व राजपरिवार के सवाई भवानी सिंह की बेटी हैं। भवानी सिंह ने 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में 10वीं पैराशूट रेजिमेंट के पैरा कमांडो के लेफ्टिनेंट कर्नल और कमांडिंग ऑफिसर के रूप में गौरव हासिल किया था। दीया कुमारी कई स्वयंसेवी संगठनों और सामाजिक संगठनों से जुड़ी हुई हैं। वहीं, राजस्थान के नए उपमुख्यमंत्री प्रेम चंद बैरवा दूदू विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के विधायक हैं। उन्हें पार्टी की राजस्थान इकाई के दलित चेहरे के रूप में देखा जाता है। बैरवा राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर से पीएचडी डिग्री धारक हैं। इस विधानसभा चुनाव में उन्होंने कांग्रेस उम्मीदवार बाबूलाल नागर को 35,743 वोटों के अंतर से हराया है।

## भारत में वांछित आतंकवादी कनाडा में क्या कर रहे हैंः शाह

**नई दिल्ली,15 दिसंबर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की संभावित संलिप्तता के कनाडा द्वारा लगाए गए आरोपों के बारे में बात की। अमित शाह ने इस मामले पर भारत का रुख दोहराया और निज्जर की हत्या पर आरोपों को खारिज कर दिया। इसके बजाय उन्होंने पूछा कि भारत में वांछित आतंकवादी कनाडा में क्या कर रहे हैं? शाह ने कहा कि हमने इन आरोपों को पूरी तरह से खारिज कर दिया है। उन्हें (कनाडाई सरकार को) यह भी जवाब देना चाहिए कि भारत में वांछित आतंकवादी कनाडा में



क्या कर रहे थे।

ब्रिटिश कोलंबिया में 18 जून को हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की संभावित संलिप्तता के कनाडाई प्रधान मंत्री जस्टिन ट्रूडो के 18 सितंबर के आरोपों के बाद। भारत ने 2020 में निज्जर को आतंकवादी घोषित किया था। भारत ने ट्रूडो के आरोपों को बेतुका और प्रेरित कहकर खारिज कर दिया। सितंबर में ट्रूडो के आरोपों के कुछ दिनों बाद भारत ने कनाडाई नागरिकों को वीजा जारी करना अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया और ओटावा से समानता सुनिश्चित करने के लिए देश में अपनी राजनयिक उपस्थिति को कम करने के लिए कहा। भारत ने कनाडा में कुछ वीजा सेवाओं को निलंबित होने के एक महीने से अधिक समय बाद पिछले महीने फिर से शुरू किया।

कैनेडियन प्रेस समाचार एजेंसी के साथ साल के अंत में एक साक्षात्कार में, ट्रूडो ने कहा कि उन्होंने 18 सितंबर को घोषणा करने का फैसला किया क्योंकि उन्हें उम्मीद थी कि जानकारी अंततः मीडिया के माध्यम से लीक हो जाएगी। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पिछले हफ्ते राज्यसभा में कहा था कि कनाडा ने भारत के साथ कोई विशेष सबूत या इनपुट साझा नहीं किया है।

## धोनी की याचिका पर IPS अधिकारी को जेल

**बेंगलुरु,15 दिसंबर।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की याचिका पर मद्रास हाईकोर्ट ने शुक्रवार पुलिस अधिकारी को सजा सुना दी है। धोनी ने अधिकारी के खिलाफ कोर्ट की आवमानना से जुड़ी याचिका दाखिल की थी। दरअसल, यह मामला इंडियन प्रीमियर लीग यानी IPL में सट्टेबाजी और मैच फिक्सिंग के आरोपों से जुड़ा हुआ है। इससे पहले भी धोनी मानहानि का मुकदमा दाखिल कर चुके हैं। धोनी चेन्नई सुपर किंग्स की कप्तानी करते हैं। शुक्रवार को जस्टिस एसएस सुंदर और जस्टिस सुंदर मोहन की बेंच ने भारतीय पुलिस सेवा अधिकारी संपत कुमार को 15 दिन कैद की सजा सुनाई है। इससे पहले धोनी ने उच्च न्यायालय में जी मीडिया, कुमार और अन्य के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया था। पूर्व क्रिकेटर ने आरोप लगाए थे कि ये दुर्भावनापूर्ण बयान और ऐसी रिपोर्ट जारी कर रहे हैं, जिसमे दावा किया जा रहा है कि वह 2013 में IPL में सट्टेबाजी और मैच फिक्सिंग में शामिल थे। न्यायमूर्ति सुंदर और न्यायमूर्ति मोहन की खंडपीठ ने सजा को 30 दिन के लिए निलंबित कर दिया ताकि संपत कुमार को सजा के खिलाफ अपील दायर करने का मौका मिल सके।

## महुआ को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं

**नई दिल्ली,15 दिसंबर।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को लोकसभा से निष्कासन के खिलाफ टीएमसी नेता महुआ मोइत्रा की याचिका पर सुनवाई 3 जनवरी, 2024 के लिए स्थगित कर दी। लोकसभा से सांसद के रूप में उन्हें हटाने के प्रस्ताव के पक्ष में निचले सदन में मतदान के बाद शुक्रवार (8 दिसंबर) को उन्हें सदन से निष्कासित कर दिया गया। उनकी याचिका जस्टिस संजीव खन्ना और एसवीएन भट्टी की बेंच के सामने रखी गई। हालाँकि, सुनवाई के दौरान, न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा कि उन्हें सुबह फाइल मिली और इसे पढ़ने के लिए और समय चाहिए और इसलिए मामले को 3 जनवरी, 2024 को फिर से सूचीबद्ध करने के लिए कहा। यह मामला तब सामने आया जब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद निशिकांत दुबे ने मोइत्रा के खिलाफ शिकायत की और उन पर व्यवसायी दर्शन हीरानंदानी के लिए सवाल पूछने के बदले में नकदी और सामान स्वीकार करने का आरोप लगाया। बाद में, एक साक्षात्कार में, मोइत्रा ने सहमति व्यक्त की कि उन्होंने हीरानंदानी के साथ अपने लॉगिन क्रेडेंशियल साझा किए थे लेकिन उनके खिलाफ आरोप सच नहीं थे।



हालाँकि, मामला लोकसभा के नैतिक पैनल तक पहुंच गया, जिसने मोइत्रा को भी तलब किया। लेकिन, पैनल के सामने पेश होने के बाद टीएमसी नेता ने कहा कि उन्हें मौखिक 'वस्त्रहरण' का सामना करना पड़ा। पैनल ने मोइत्रा को इस कृत्य का दोषी पाते हुए अपनी रिपोर्ट पेश की और सिफारिश की कि उन्हें निष्कासित कर दिया जाना चाहिए।तृणमूल कांग्रेस नेता महुआ मोइत्रा ने लोकसभा से अपने निष्कासन को चुनौती देने वाली याचिका दायर करने के कुछ दिनों बाद बुधवार को सुप्रीम कोर्ट से तत्काल सुनवाई की मांग की थी। वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने सुनवाई जल्द करने की मांग की थी। मोइत्रा ने अपने इस निष्कासन की तुलना कंगारू अदालत द्वारा सजा दिए जाने से करते हुए आरोप लगाया कि सरकार लोकसभा की आचार समिति को विपक्ष को झुकने के लिए मजबूर करने का हथियार बना रही है। उन्होंने कहा कि एथिक्स कमेटी के पास निष्कासित करने का कोई अधिकार नहीं है...यह आपके (बीजेपी) अंत की शुरूआत है। उन्होंने कहा कि अगर इस मोदी सरकार ने सोचा कि मुझे चुप कराकर वे अडानी मुद्दे को खत्म कर देंगे।


## गरीबी में जिंदगी काट रहा था संसद घुसपैठ का मास्टरमाइंड

**कोलकाता.15 दिसंबर।** 13 दिसंबर को संसद की सुरक्षा में सेंधमारी के मुख्य साजिशकताओं में से एक ललित झा दिल्ली आने से पहले कोलकाता में गरीबी और तंगहाली का जीवन गुजार रहा था। उसके छोटे भाई सोनू ने कहा कि 11 दिसंबर को आखिरी बार उसने फोन कर-के बताया था कि वह दिल्ली जा रहा है। सोनू ने कहा, ₹10 दिसंबर को मैं बिहार के दरभंगा में अपने पैतृक गांव जा रहा था। हम सियालदह स्टेशन पर गंगा सागर एक्सप्रेस में चढ़े थे। वह आखिरी पल था, जब हमने ललित को देखा था क्योंकि वह हमें ट्रेन पर चढ़ाने सियालदह स्टेशन आया था। इसके अगले दिन 11 दिसंबर को उसने फोन करके कहा था कि वह दिल्ली जा रहा है। मैंने उससे कहा कि वह अपना ख्याल रखे। संसद में घुसपैठ की घटना के पीछे मास्टरमाइंड कहे जाने वाले 28 वर्षीय ललित को गुरुवार को आत्मसमर्पण करने के बाद दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। सोनू ने बताया कि वह कोलकाता के उत्तरी इलाके के बागुइहाटी इलाके में अपने माता-पिता के साथ रहता है, जबकि उसका सबसे बड़ा भाई शंभु झा अपनी पत्नी और बच्चे के साथ पास में ही रहता है। सोनू ने बताया कि ललित 21 साल पहले यानी 2002 के आसपास कोलकाता आया था। तब से वह बच्चों को ट्यूशन पढ़ाकर अपना गुजारा करता था। कुछ वर्षों तक वह बड़ाबाजार इलाके में रहता था लेकिन जब वह घर जर्जर हो गया तो ललित फिर दूसरी जगह रहने लगा। 22 वर्षीय सोनू ने कहा, ₹मुझे यकीन नहीं है लेकिन वह शायद पेइंग गेस्ट के रूप में कहीं रह रहा था।



उनके पिता देवानंद झा अपने शुरूआती दिनों में एक पुजारी हुआ करते थे जब वे मध्य कोलकाता के मुक्ताराम बाबू स्ट्रीट में रहते थे। तीन भाइयों में दूसरे नंबर का ललित बच्चों को ट्यूशन पढ़ाता है, जबकि बड़ा भाई शंभु सेल्समैन है और सोनू इलेक्ट्रीशियन का काम करता है। सोनू ने कहा, मैं बहुत बाद में, लगभग 3-4 साल पहले कोलकाता आया। ललित काफी समय पहले कोलकाता आ गया था और पिताजी के साथ ही रहता था। लेकिन अब जानकारी नहीं है कि वह कहां रहता है क्योंकि मैं कभी उसके घर नहीं गया,वही हमारे घर आता-जाता था। घटना की जानकारी परिवार को गुरुवार को टेलीविजन से मिली। तब से सोनू ने कई बार अपने भाई से संपर्क करने की कोशिश की लेकिन उसका फोन बंद मिला। सोनू के मुताबिक, परिवार के सभी सदस्य काफी परेशान हैं। उसने कहा, हमें नहीं पता कि उसने ऐसा क्यों किया?

एक नजर



## कवर्धा नगर अध्यक्ष की रेस में कई नाम

**कवर्धा, 15 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कवर्धा नगर अध्यक्ष ऋषि शर्मा के इस्तीफे के बाद पान दुकान , होटलों , चाय दुकान पर कई नामों की चर्चा शुरू हो गई है । कांग्रेस से जिसमे पूर्व कवर्धा कांग्रेस शहर अध्यक्ष मोहित महेश्वरी की दावेदारी की ज्यादा चर्चा हो रही है । नरेंद्र देवांगन , प्रमोद लूनिया , अशोक सिंह , भीखम कोसले के नाम को भी लेकर चर्चा होती हुई दिख रही है । फिलहाल यह भी कहा जा रहा है अध्यक्ष का ख्वाब देखने वाले अपने अपने स्तर पर योजना बना रहे है और मेल मिलाप भी कर रहे है ।

## छत्तीसगढ़ की सभी सांसद सीट जीतेंगे:रामकृष्ण साहू

**कवर्धा, 15 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला पंचायत सदस्य रामकृष्ण



साहू ने सरगुजा संभाग की सभी विधान सभा और बस्तर , बेमेतरा , साजा , दुर्ग , बिलासपुर और कवर्धा और पंडरिया , साजा और अहिवारा , रायपुर जिले की सभी विधानसभा और अधिकतर विधान सभा में भाजपा की जीत को बताते हुए कहा की शासन की योजनाओं का लाभ अच्छे से सभी को मिलेगा और छत्तीसगढ़ राज्य में विकास की तस्वीर दिखेगी । भ्रष्टाचार पर कारवाई होगी और अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कारवाई होती रहेगी । सुंदर आवास भी लाखो परिवार को मिलेगा । कवर्धा को सीएम पद मिलने से कवर्धा में कानून व्यवस्था दूरस्थ होगी और कबीरधाम जिले में सर्वागिण विकास पहुंचेगी । जिला पंचायत सदस्य रामकृष्ण साहू ने कहा की अब यह प्राथमिकता है की छत्तीसगढ राज्य से सभी सांसद सीट जीतेगी और देश में तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार बनेगी । छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय , विधान सभा अध्यक्ष डॉक्टर रमण सिंह और डिप्टी सीएम विजय शर्मा और डिप्टी सीएम अरुण साव को जीत की बधाई देते हुए जिला पंचायत सदस्य रामकृष्ण साहू ने कहा की छत्तीसगढ़ राज्य में चहुंमुखी विकास की तस्वीर गांवो और शहरो में पहुंचेगी। युवा , किसान , महिलाए और बुजुर्गो ने छत्तीसगढ़ राज्य में भाजपा की सरकार बनाई है ।

## पुलिस ने चोर गिरोह को पकड़ा



**भिलाई, 15 दिसंबर।** भिलाई पुलिस ने शातिर चोर गिरोह को पकड़कर 6 चोरियों का खुलासा किया है। इस मामले में 2 महिला सहित 4 आरोपियों गिरफ्तार किया है पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 08 लाख, पच्चीस हजार की सामग्री बरामद किया है शहर एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि चोरी के माम ले में घटना स्थल एवं उसके आस-पास के मागों में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला गया, जिससे कुछ संदिग्ध व्यक्तियों के फुटेज मिला। फूटेज के आधार पर जेल से रिहा हुए पूर्व के आदतन चोरी के संदिग्धों से पूछताछ कर एवं होटल लॉज, ढ़ाबा में संदिग्धों के फुटेज दिखाकर आरोपियों के पतासाजी की गई इसी तरह से चोरी के कुछ जगहों पर एक्टिवा (स्कूटी) जैसे वाहन में सवार कुछ संदिग्ध सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दिये थे । इसके आधार पर पतासाजी की जा रही थी कि इसी दरान विशेष सूत्रों से पता चलने पर संदेही मोहम्मद अनीश (36 वर्ष) निवासी जेपी नगर कैम्प और गुरजीत उर्फ बींची (26 वर्ष) निवासी जवाहर नगर, अटल आवास वैशाली नगर हाल पता सेक्टर 6, सड़क 34 को घेराबंदी कर पकड़ा गया। उन्होंने पूछताछ करने पर खम्हरिया, सेक्टर-2 सड़क 16, सेक्टर 6 सड़क 86, सेक्टर 4 सड़क 10, सेक्टर 6 सड़क 82 एवं सेक्टर 9 डॉ मोहन्ती के घर चोरी की अंजाम देना स्वीकार किया और चोरी किये गये सोने चांदी के जेवरातों को आपस बांट कर रखना एवं कुछ जेवरातों को महिला आरोपियों के पास रखना बताये आरोपियों की निशानदेही पर चोरी गए सोने के जेवरात, चांदी के जेवरात, 2 नग मोबाइल व 1 नग हेडफोन बरामद किया गया आरोपी पूर्व में भी चोरी के मामलों में हो चुके है गिरफ्तार ।

# उपमुख्यमंत्री बनने पर अरुण साव को दी गई बधाई



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 15 दिसंबर।** भारतीय जनता पार्टी भिलाई जिला अध्यक्ष ब्रजेश बिचपुरिया के नेतृत्व में सभी वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव से भेंट कर उन्हें उपमुख्यमंत्री बनने पर बधाई प्रेषित की और उनको धन्यवाद दिया कि उनके नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में भाजपा ने पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई है 2023 में कमल खिलाया है द्य ज्ञात हो कि जब 1990 में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष थे ब्रजेश बिचपुरिया उस समय प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के अविभाजित मध्यप्रदेश में प्रदेश पदाधिकारी हुआ करते थे और उनका बिचपुरिया के साथ उनकी छात्र राजनीति के समय से ही बहुत मधुर संबंध रहे हैं और संगठनात्मक कार्यो से अकसर उनकी भेंट मुलाकात होती थी भिलाई दुर्ग के विषयों पर चर्चा होती रही है । उपमुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ अरुण साव से भिलाई जिले के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने भेंट की जिसमें विशेष रूप से जिला उपाध्यक्ष शिवसागर मिश्र, मिथिला खिचरिया, सरला आचार्य, सुंदर साहू, विश्व रंजन सिंह, विजय शुक्ला, रूपराम साहू, प्रेमलाल साहू, राजेश सिंह, संजय सिंह, विश्राम साहू, शिव साहू एवं अन्य बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

निरीक्षण



## अतिरिक्त तहसीलदार ने किया धान खरीदी केन्द्र व राशन दुकान का निरीक्षण

**भिलाई, 15 दिसंबर।** कलेक्टर एवं एसडीएम के निर्देशन में अतिरिक्त तहसीलदार प्रफुल्ल गुप्ता ने विगत 13 दिसम्बर को दुर्ग तहसील के धान खरीदी केन्द्र व शासकीय उचित मूल्य दुकान थनौद का आकस्मिक निरीक्षण कर किसानों एवं हितग्राहियों से चर्चा की गई। धान खरीदी केंद्र में 30 किसानों से 1695.20 क्विंटल धान खरीदी की गई है। निरीक्षण में मापक यंत्र से धान की नमी की जांच एवं तौलाई भी करवाया गया। साथ ही किसानों से चर्चा भी की गई।

# अतिक्रमण प्रभावितों का होगा व्यवस्थापन

**भिलाई, 15 दिसंबर।** जिले के नगरीय निकायों में यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए सड़क किनारे सभी छोटे-बड़े कब्जों, अवैध ठेले गुमटियों व चौपाटियों पर की गई कार्यवाही से प्रभावित व्यवसायियों/लोगों का जिला प्रशासन द्वारा व्यवस्थापन किया जाएगा। कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने नगरीय निकायों के अधिकारियों की वीडियों कांफ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा कि नगरीय निकायों के चौक-चौराहों से हटाये गये अतिक्रमित व्यवसायियों/लोगों को उनके आजीविका के लिए नगर में जगह चिन्हांकित कर शिफ्ट् किया जाए। ठेले को वेडिंग जोन में रखना संभव न हो तो सड़क किनारे स्थान जहां ठेला लगाया जा सके उस स्थान पर व्यवस्थित रूप से शिफ्ट् किया जाए। प्रभावित लोगों का व्यवस्थापन कराकर स्मार्ट वेडिंग जोन के तहत बैंक ऋण राशि की सुविधा मुहैय्या कराने इन्हें प्रधानमंत्री स्व निधि योजना से जोड़कर लाभान्वित किया जाए। कलेक्टर मीणा ने नगरीय निकाय के



अधिकारियों को प्रभावित लोगों की व्यवस्थापन कराकर निकायवार जानकारी उपलब्ध कराने कहा है। कलेक्टर श्री मीणा ने जिले में केटल-फ्री रोड पर जोर देते हुए नगरीय निकायवार रोस्टर प्रारंभ होने के अब तक पकड़े गये पशुओं की जानकारी ली। उन्होंने सड़कों पर पशुओं के कारण हो रही दुर्घटना को रोकने के लिए सड़कों से घुमन्तु पशुओं को हटाने के लिए अधिकारियों को प्रभावी तरीके से कार्य करने कहा। कलेक्टर ने कहा कि सब्जी मंडी, बाजार, कालोनियाँ व सड़क की संख्या आदि पर पशुओं की लोकेशन के अनुसार कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि नगर की सड़क केटल-फ्री दिखना चाहिए, पशुओं को सड़कों पर छोड़े जाने पर पशुपालकों की पहचान कर कार्यवाही किया जाए। पशुपालकों से जुर्माना लिये बगैर पशुओं को नहीं छोड़ा जाए। नगरीय क्षेत्र अंतर्गत सड़कों के किनारे गड्ढे व खुले चेम्बर की सर्वे कराकर 15 दिवस में मरम्मत सुनिश्चित किया जाए। सड़क किनारे नालियां स्लैब से ढकी होना चाहिए। नगर में स्ट्रीट लाईट की संख्या कितनी है, कितने में अभी लाईट लगी है। रौप लाईट की क्या स्थिति है, निकायवार जानकारी उपलब्ध करायी जाए। कलेक्टर ने अवगत कराया कि निकायों द्वारा सड़कों पर भीख मांगने वाले 365 लोगों को चिन्हांकित किया गया है। उन्होंने कहा कि नगरीय निकाय के अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि इन लोगों को शासन की योजनाओं से लाभ मिल रहा है की नहीं, इसकी मॉनिटरिंग करें । इसके अलावा कई बार देखने में पाया गया कि छोटे बच्चों को गोद में लेकर परिजन चौक-चौराहों में भीख मांगते मिले है, ऐसे लोगों के परिजनों की कांऊसिंलिंग कर समझाईश दिया जाए। कलेक्टर ने कहा कि नगर के सड़कों पर कोई भी भीख मांगते ना मिले इसके लिए अधिकारी अभियान चलाकर पंद्रह दिवस में व्यवस्थापन की कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। बैठक में अपर कलेक्टर गोकुल रावटे, नगर निगम दुर्ग के आयुक्त लोकेश चन्द्राकर, रिसाली नगर निगम के आयुक्त आशीष देवांगन सहित निकायों के अधिकारीगण उपस्थित थे।

## चन्द्रा-मौर्या चौक सड़क का डामरीकरण प्रारंभ



**भिलाई, 15 दिसंबर।** आज रात्रि से चन्द्रा मौर्या ओवर ब्रिज के नीचे चौक में समतलीकरण एवं डामरीकरण कार्य निर्माण एजेंसी के द्वारा प्रारंभ किया जायेगा इस दौरान चौक से आवागमन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। निर्माण एजेंसी के द्वारा इस कार्य को पूर्ण करने में 15 दिन का समय लगना बताया गया है इस दौरान वाहन चालक असुविधा से बचने के लिए निम्न वैकल्पिक मार्ग का प्रयोग करें- अंडर ब्रिज की ओर आने वाले वाहन रायपुर की जाने एवं रामनगर की ओर जाने के लिए चौक के बाएं ओर 20 मीटर आगे कटिंग का प्रयोग करे। इसी प्रकार रामनगर की ओर से आने वाले वाहन अंदर की ओर एवं दुर्ग की ओर जाने के लिए बाई ओर 20 मीटर आगे कटिंग का प्रयोग करे। पावर हाउस से अंडर ब्रिज की ओर जाने वाले दो पहिया एवं चार पहिया वाहन होटल अमित इंटरनेशनल के सामने मार्ग का प्रयोग कर चंद्रा मौर्या टॉकीज की ओर से आवागमन करे। निर्माण कार्य के दौरान उप पुलिस अधीक्षक (यातायात) द्वारा निर्माण कंपनी से सेफ्टी उपकरणों का प्रयोग करने ,वाहन डाइवर्ट करने के लिए सुरक्षा गार्ड तैनात करने, रात्रि के समय उचित प्रकाश व्यवस्था रखने हेतु निर्देश दिये गये साथ ही वाहन चालको से अपील है कि विपरीत दिशा से वाहन चालन न करे और सावधानीपूर्वक वाहन चलायें।

# सुब्रमण्यम भारती जयंती पर डीएवी स्कूल में मनाया गया भारतीय भाषा उत्सव

**भिलाई, 15 दिसंबर।** डीएवी इस्पात पब्लिक स्कूल सेक्टर-2 में महाकवि सुब्रमण्यम भारती की जयंती के उपलक्ष्य में भारतीय भाषा उत्सव-2023 का आयोजन किया गया। भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के दिशानिर्देशों के अनुसार 11 दिसंबर को इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य भाषा विविधता की सुंदरता का जश्न मनाना था और उस विविधता में एकता की भावना का अनुभव करना था। इस अवसर पर डीएवी इस्पात पब्लिक स्कूल सेक्टर-2 की प्रिंसिपल श्रीमती प्रियंका शुक्ला ने कहा कि भारतीय भाषाएँ भारतीय संस्कृति, कला, संगीत, विचार की प्राथमिक वाहन हैं। भारत के लोगों की एकता और सद्भावना की पहचान इसीलिए देश और दुनिया में है। उत्सव में इस तरह का जश्न उत्साह और जोश वास्तव में छात्रों को उत्साहित करता है और उनका बौद्धिक विकास करने में मदद करता है। हमें अपनी सदियों पुरानी परंपरा, संस्कृति और विरासत के प्रति गर्व है। स्कूल ने एक विशेष साइन अप




अभियान का आयोजन किया था। स्कूल के प्रवेश द्वार पर रखे एक बड़े कैनवास में माता-पिता, शिक्षक, छात्र, कर्मचारी, आगंतुक सभी ने इस अनूठे कार्यक्रम का हिस्सा बनकर खुद को पंजीकृत कराया। कैनवास पर उनके नाम उनकी अपनी भाषा में लिखकर प्रदर्शित की गयी। इस अवधारणा का उद्देश्य मातृभाषा के पक्ष में एक अभियान था और इसका शीर्षक था मेरे हस्ताक्षर/मेरी मातृभाषा में। छात्रों एवं शिक्षकों द्वारा बहुआयामी और बहुभाषी सांस्कृतिक कार्यक्रम तैयार किए गए। पोस्टर मेकिंग, भाषण, गीत आदि की प्रस्तुतियाँ, अपनी-अपनी भाषाओं में बातचीत रोचक रहा। एक प्रेरणादायक वीडियो भी था जो छात्रों को जागरूक करने और महाकवि सुब्रमण्यम भारती के बारे में और अधिक जानने के लिए उनके

## विधायक रिकेश सेन ने ली अधिकारियों की बैठक

भिलाई, 15 दिसंबर। वैशाली



नगर विधायक रिकेश सेन ने मंगलवार को दुर्ग सर्किट हाउस में नगर पालिक निगम भिलाई एवं नगर तथा ग्राम निवेश विभाग दुर्ग के अधिकारी व कर्मचारियों की संयुक्त बैठक ली। जिसमें छ.ग. शासन छत्तीसगढ़ अनधिकृत विकास का नियमितिकरण (संशोधन) अधिनियम/नियम 2022 के तहत् प्राप्त प्रकरणो निराकरण के संबंध में, चर्चा की गई तथा लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण किए जाने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों के द्वारा प्रकरणों के संबंध में जानकारी दी गई। बैठक में नगर तथा ग्राम निवेश विभाग के संयुक्त संचालक, सूर्यभान सिंह ठाकुर वरिष्ठ मानचित्रकार राजेश डुम्भरे, उप अभियंता संदीप पटेल एवं नगर पालिक निगम भिलाई से भवन अधिकारी हिमांशु देशमुख व अन्य संबंधित कर्मचारी व अधिकारी उपस्थित थे।

## रितेश मोबाईल रिपेयरिंग का हुआ उद्घाटन



**भिलाई, 15 दिसंबर।** शहर के युवा बिजनेसमैन रितेश गोकलानी ने मोबाइल सॉफ्टवेयर एवं हार्डवेयर रिपेयरिंग के क्षेत्र में नया इनोवेशन किया है। रितेश मोबाईल रिपेयरिंग शॉप, कम खर्चे में अच्छे परिणामों के साथ खराब हुए मोबाईल में सुधार का नया जंक्शन होगा जहाँ हर प्रकार के बिगड़े मोबाईल की रिपेयरिंग की जाएगी। भिलाई नर्सिंग होम के सामने विशाल मेगा मार्ट के सामने इस शॉप के उद्घाटन विगत दिवस पूजा-पाठ के साथ किया गया। रितेश मोबाईल रिपेयरिंग के संचालक रितेश गोकलानी ने बताया कि टच ग्लास एवं कॉम्बो चेंज के साथ ही हर प्रकार से मोबाईल की खराबी को मोबाईल के रिपेयरिंग विशेषज्ञों द्वारा ठीक किया जाएगा। उद्घाटन के अवसर पर कोरबा से आये कन्हैया लाल छाबड़ा, शिक्षा जगत से जुड़े गोपाल गोकलानी, कमला देवी गोकलानी, भारती मौर्या, रोहित कुमार गोकलानी आदि उपस्थित थे।

## एसएमएस-3 में सुरक्षा सप्ताह का आयोजन



**भिलाई, 15 दिसंबर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र का स्टील मेल्टिंग शॉप-3 दिनांक 11 से 16 दिसम्बर तक सुरक्षा सप्ताह मना रहा है। तकनीकी सह सुरक्षा स्टॉल का उद्घाटन 14 दिसंबर, 2023 को कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय ने किया। मेसर्स केएमसी, मेसर्स प्रोटेक्टिव जनरल इंजीनियरिंग लिमिटेड और मेसर्स सीमेंस के स्टॉल को क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। विजेताओं को ईडी द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समन्वयन महाप्रबंधक सुश्री पुष्पा एम्ब्रोज द्वारा किया गया।

# विजन स्टेटमेंट को फिर से तैयार करने का उपयुक्त समय: दासगुप्ता

**भिलाई, 15 दिसंबर।** भिलाई इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन विकास विभाग एवं एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कॉलेज ऑफ इंडिया (एएससीआई), हैदराबाद के संयुक्त तत्वाधान में, सेल विजन पर पुनरावलोकन हेतु कार्यशालाओं की श्रृंखला में 14 दिसंबर को भिलाई निवास में पहली कार्यशाला का आयोजन किया गया था। उद्घाटन मुख्य अतिथि, निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता द्वारा किया गया। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार, कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेशक अजय कुमार चक्रबर्ती, कार्यपालक निदेशक डॉ अशोक कुमार पंडा, कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक बी के गिरी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ एम रविन्द्रनाथ सहित मुख्य महाप्रबंधक संजय धर, निदेशक डॉ. निर्मल्य बागची, सलाहकार प्रोफेसर विलास शाह और असिस्टेंट प्रोफेसर (एएससीआई) डॉ. कर्णक रॉय विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। अनिर्बान दासगुप्ता ने अपने संबोधन में कहा, कि हमारे संगठन का विजन स्टेटमेंट 2002-03 में तैयार किए जाने के बाद से लगभग दो दशक बीत चुके हैं और अब हमारे लिए अपने विजन स्टेटमेंट को फिर से तैयार करने का उपयुक्त समय है। निःसंदेह, इन वर्षों के दौरान कठिन चुनौतियां और परिवर्तन हमारे सामने आए हैं, जैसे- पर्यावरणीय समस्याएं, उससे संबंधित क़ानून और बदलते दिशा निर्देश आदि। हमें अपनी




विजन को एक बार फिर से इस तरह परिभाषित करना चाहिए कि इन चुनौतियों के बावजूद, संगठन अपने लक्ष्य से भटकने ना पाए। श्री अनिर्बान दासगुप्ता ने कहा कि आज यहाँ इन युवा कर्मचारियों की उपस्थिति और भागीदारी महत्वपूर्ण है, जो आने वाले बीस वर्षों में इस संगठन का नेतृत्व करेंगे, विशेष रूप से जब हमारा देश 2047 में अपनी आजादी के सौ साल पूरे करके %अमृतकाल% में प्रवेश करेगा। हमें अपने विज़न स्टेटमेंट को इस तरह से दोबारा तैयार करना चाहिए, कि इतिहास हमें इस सदी में स्टील विनिर्माण उद्योग में एक उत्कृष्ट कंपनी के रूप में याद रखे। मुख्य महाप्रबंधक (एचआरडी एंड बीई) श्रीमती निशा सोनी ने स्वागत भाषण दिया। डॉ. निर्मल्य बागची, प्रो. विलास शाह और डॉ. कर्णक रॉय ने समस्याओं, चुनौतियों और परिणामों पर प्रस्तुतियाँ दीं। संचालन, महाप्रबंधक अमूल्य प्रियदर्शी ने किया तथा मुख्य महाप्रबंधक संजय धर ने धन्यवाद किया।

## भोलाराम साहू को तीसरी बार विधायक बनने की बधाई दी जोशीलमती के सरपंच और पंचगण ने

**खुज्जी।** खुज्जी विधायक भोलाराम साहू को जोशीलमती के सरपंच,पंचगण व ग्रामवासी विधायक जी के निज निवास खुज्जी पहुंचकर गुलदस्ता भेंट कर बधाई दिए।जिसमे सरपंच मुनेश्वरी बाई श्याम ,दूधनाथ साहू, राजेश कुमार ,राजेश ,रेवती बाई, माहेश्वरी बाई, रेणुका ,रामबती, कुमार, रामाधार, ताम्रध्वज साहू, मनीराम, राधेलाल ,धनीराम अंजोरी राम आदि थेऔर विधायक जी उनके बधाई को स्वीकार करते हुए पूर्ण आश्वासन दिए कि मैं आपके गांव और आसपास के गांव पूरे क्षेत्र में विपक्ष में रहते हुए भी हम अच्छा काम करेंगे और उस क्षेत्र को एक नई विकास की ओर ले जाएंगे।विधायक भोलाराम साहू नेआगे कहा की विकास में कोई कसर बाकी नहीं रखेगे। यह मेरी जीत नहीं अपितु संपूर्ण क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की जीत हैआप लोगों की सेवा के लिए मैं पहले भी तत्पर था।

## संपादकीय

# छत्तीसगढ़ में राजनीति का नया दौर

किसी भी राज्य में पुरानी सरकार विदा होती है और नई सरकार आती है तो नए नेता के साथ राजनीति का एक नया दौर शुरू होता है। राज्य में विष्णुदेव साय के नए सीएम के रूप में शपथ लेने के साथ ही राज्य में राजनीति का नया दौर शुरू हो गया है। राज्य में पहली बार ऐसा हुआ है कि सीएम के साथ ही दो डिप्टी सीएम ने भी भव्य शपथ ग्रहण समारोह में शपथ ली है। भूपेश सरकार में एक ही डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव थे। उनको भी डिप्टी सीएम पांचवे साल जब सरकार का कार्यकाल खत्म होने में कुछ महीने बचे थे तब बनाया गया। भाजपा ने सीएम के साथ शुरू से ही दो डिप्टी सीएम बनाए ताकि भाजपा के जनाधार को मजबूती दी जा सके। विष्णुदेव साय राज्य के चौथे सीएम हैं। इससे पहले अजीत जोगी,रमन सिंह व भूपेश बघेल सीएम रह चुके हैं। सबका अपना समय था, सबकी राजनीति का अपना दौर था। सबने अपने समय में छत्तीसगढ महतारी की सेवा अपने ढंग से करने का प्रयास किया। सबने राज्य के राजनीति के इतिहास में अपनी छाप छोड़ी है। इन तीनों सीएम में रमन सिंह अकेले ऐसे सीएम हैं जिन्हें छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा करने का मौका सबसे ज्यादा साल मिला। वह 15 साल राज्य के सीएम रहे। राजनीति में किसी के लिए भी 15 साल का समय बहुत लंबा होता है,बहुत ही कम नेता होते हैं जिन्हें जनता इतने लंबे समय के लिए सत्ता सौंपती है। राज्य में 15 साल के समय को रमन युग भी कहा जा सकता है। पंद्रह साल तक वह अपराजेय माने जाते थे। लेकिन कोई भी नेता हो उसकी लोकप्रियका एक दिन कम होती है, उसे भी चुनाव में हार का सामना करना पड़ता है। रमन सिंह को भूपेश बघेल ने हराया। इसके बाद उनका दौर शुरू हुआ। उनके समय में भी राज्य में ऐसे ऐसे काम हुए जो पहले नहीं हुए थे। उनके काम के आधार पर माना जा रहा था कि वह राज्य की राजनीति में लंबी पारी खेलेंगे, कई चुनाव जीतेंगे। लेकिन वह एक चुनाव जीतने के बाद दूसरी बार चुनाव जीत नहीं सके और पांच साल में ही उनकी राजनीति का दौर समाप्त हो गया। इस बार उनके सामने रमन सिंह नही पीएम नरेंद्र मोदी थे। पीएम मोदी की गारंटी के सामने भूपेश बघेल की गारंटी पर राज्य की जनता ने भरोसा नहीं किया। पांच साल बाद ही भाजपा सरकार सत्ता में वापस आ गई। इस बार सीएम पद के लिए भाजपा ने वह काम किया जो चाहती तो कांग्रेस भी कर सकती थी । उसने आदिवासी की जगह ओबीसी को सीएम बनाना उचित समझा। पीएम मोदी ने कांग्रेस के समान गलती नहीं की। वह चाहते तो कांग्रेस की तरह ओबीसी को सीएम बना सकते थे। पीएम मोदी ने वह काम किया जिसका आदिवासी बरसों से इंतजार कर रहे थे,खांटी आदिवासी सीएम। पीएम मोदी ने सीएम के लायक विष्णुदेव साय को समझा। यह उनका राज्य की राजनीति में मास्टर स्ट्रोक है। इस बार आदिवासियों के वोट से ही भाजपा को सरगुजा व बस्तर में ज्यादा सीटें मिलीं। भाजपा ने आदिवासी सीएम बनाकर आदिवासी समाज का धन्यवाद किया है। आदिवासियों ने भाजपा की झोली सरगुजा व बस्तर में सीटों से भर दी तो भाजपा ने भी आदिवासी सीएम बनाकर आदिवासियों का गौरव बढ़ाया है। इसी के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं को यह संदेश देकर उत्साह भी बढ़ाया है कि भाजपा में ही कार्यकर्ता सीएम, पीएम, भाजपा अध्यक्ष बन सकता है। यह भाजपा कार्यकर्ताओं को उत्साहित करने का पीएम मोदी का अपना तरीका है। तीनों राज्यों में कार्यकर्ता को सीएम बनाकर भाजपा नेताओं का संदेश दिया गया है कि भाजपा में कार्यकर्ता नेता बनाए जा सकते हैं तो नेता भी कार्यकर्ता बनाए जा सकते हैं। पीएम खुद कार्यकर्ता की तरह काम करते हैं इसलिए वह चाहते हैं कि हर नेता भी उनकी तरह बिना कोई अहंकार पाले जो काम करने को कहा गया है,वह काम करे।

---

**स्मृति दिवस**

**ललित गर्ग**



**सरदार पटेल ने आजादी के ठीक पूर्व ही पीवी मेनन के साथ मिलकर कई देसी राज्यों को भारत में मिलाने के लिये कार्य आरम्भ कर दिया था। पटेल और मेनन ने देसी राजाओं को बहुत समझाया कि उन्हे स्वायत्तता देना सम्भव नहीं होगा। इसके परिणामस्वरूप तीन को छोड़कर शेष सभी रजवाडों ने स्वेच्छा से भारत में विलय का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया। केवल जम्मू एवं कश्मीर, जूनागढ तथा हैदराबाद के राजाओं ने ऐसा करना नहीं स्वीकारा।**

# राष्ट्र को संगठित करने वाले महायोद्धा थे सरदार पटेल

कर्मवीर व्यक्तियों का जीवन विलक्षण होता है, वे अपने जीवन काल में तथा उसके बाद प्रेरणास्रोत बने रहते हैं। इतिहास अक्सर ऐसे महान् लोगों से ऐसा काम करवा देता है जिसकी उम्मीद नहीं होती। और जब राष्ट्र की आवश्यकता का प्रतीक ऐसे महान् इंसान बनते हैं तो उनका कद सहज ही बड़ा बन जाता है। सरदार वल्लभ भाई पटेल ऐसे ही विराट व्यक्तित्व के धनी एवं कर्मवीर महापुरुष थे। वे एक राजनेता ही नहीं, एक स्वतंत्रता सेनानी ही नहीं बल्कि इस देश की आत्मा थे। राष्ट्रीय एकता, भारतीयता एवं राजनीति में नैतिकता की वे अद्भुत मिसाल थे। आजादी के बाद विभिन्न रियासतों में बिखरे भारत के भू-राजनीतिक एकीकरण में केंद्रीय भूमिका निभाने के लिए पटेल को भारत का बिस्मार्क और लौह पुरूष भी कहा जाता है। उन्हें 1991 में भारत रत्न से सम्मानित किया जा चुका है। पटेल की राष्ट्रीयता को संगठित करने की बुलंद एवं विलक्षण उपलब्धियां उम्र के पैमानों में इतनी ज्यादा है कि उनके आकलन में गणित का हर फामूर्ला छोटा पड़ जाता है। भले ही वे आज हमारे बीच नहीं है लेकिन वे इस माटी के लिए किये गये उल्लेखनीय अवदानों के लिए सदियों तक याद किये जायेंगे। उनका जन्म दिवस राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। 15 दिसम्बर उनका निर्वाण दिवस है।



सरदार वल्लभ भाई पटेल ने अपने पुरुषार्थ से राष्ट्र का भाग्य रचा, उनका जन्म 31 अक्टूबर 1875 को गुजरात के नडियाड में हुआ। वे कृषक परिवार से थे। उनके पिता का नाम झवेरभाई पटेल एवं माता का नाम लाडबा देवी है। वे उनकी चौथी संतान हैं। लन्दन जाकर उन्होंने बैरिस्टर की पढाई की और वापस आकर अहमदाबाद में वकालत करने लगे। महात्मा गांधी के विचारों से प्रेरित होकर उन्होने भारत के स्वतन्त्रता आन्दोलन में भाग लिया। सरदार पटेल की शिक्षाएं, जीवन-आदर्श एवं राष्ट्र को प्रदत्त अवदान हमें प्रेरणा देते रहेंगे। उनके विचार एवं सोच जहां हमारे लिये जीवन को सफल एवं सार्थक बनाने का आधार है वहीं राष्ट्रीयता के खुद को न्यौछावर कर देने की प्रेरणा है। अहिंसा का समर्थन करते हुए सरदार पटेल का कहना था कि कायरों की अहिंसा का कोई मूल्य नहीं है। जो तलवार चलाना जानते हुए भी तलवार को म्यान में रखता है, उसकी अहिंसा सच्ची अहिंसा होती है। उनका कहना था कि हमारा सिर कभी न झुकने वाला होना चाहिए। उन्हें देश के छोटे से छोटे स्तर के व्यक्ति की भी कितनी चिंता थी, उसी को व्यक्त करते हुए उन्होंने एक बार कहा था कि उनकी एक ही इच्छा है कि भारत एक अच्छा उत्पादक हो और इस देश में कोई भी व्यक्ति अन्न के लिए आंसू बहाता हुआ भूखा न रहे।

सरदार पटेल का जीवन और दर्शन भातीयता को सुदृढ़ करने में नियोजित करने में लगा रहा है। एकता में सबसे बड़ा बाधक स्वहित है। आज के समय में स्वहित ही सर्वोपरि हो गया है। आज जब देश आजाद है, आत्मनिर्भर है तो वैचारिक मतभेद उसके विकास में बेड़ियाँ बनी हुई हैं। आजादी के पहले इस स्वार्थी दृष्टिकोण एवं स्वहित की भावना का फायदा अंग्रेज उठाते थे और आज देश के राजनीतिक लोग। देश में एकता के स्वर को सबसे ज्यादा बुलंद सरदार पटेल ने किया था। उनकी सोच, उनका दर्शन, उनकी राष्ट्रीयता के कारण ही आज हम एकसूत्रता में बंध हुए हैं। उनकी सोच युवा जैसी नयी सोच थी। वे सदैव देश को एकता का संदेश देते थे। राष्ट्रीयता को उन्होंने केवल परिभाषित ही नहीं किया बल्कि उसे संगठित करके दिखाया। वे अपने निजी त्याग, राष्ट्रीयता के प्रति सर्वस्व बलिदान कर देने की भावना एवं कठिन जीवनचर्या को वर्चस्वी बनाकर किसी पर नहीं थोपते अपितु व्यक्ति की स्वयं की कमजोरियों को उसे महसूस करवाकर उससे उसको बाहर निकालने का मानवीय स्पर्श करते थे। आपने ह्यसालह्ल का वृक्ष देखा होगा- काफी ऊंचा ह्यशीलह्ल का वृक्ष भी देखें- जितना ऊंचा है उससे ज्यादा गहरा है। सरदार पटेल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व में ऐसी ही ऊंचाई और गहराई थी। जरूरत है इस गहराई को मापने की। उन्हें भारतीय राजनीति का आदर्श बनाकर प्रस्तुत करने की।

सरदार पटेल ने आजादी के ठीक पूर्व ही पीवी मेनन के साथ मिलकर कई देसी राज्यों को भारत में मिलाने के लिये कार्य आरम्भ कर दिया था। पटेल और मेनन ने देसी राजाओं को बहुत समझाया कि उन्हे स्वायत्तता देना सम्भव नहीं होगा। इसके परिणामस्वरूप तीन को छोड़कर शेष सभी रजवाडों ने स्वेच्छा से भारत में विलय का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया। केवल जम्मू एवं कश्मीर, जूनागढ तथा हैदराबाद के राजाओं ने ऐसा करना नहीं स्वीकारा। जूनागढ के नवाब के विरुद्ध जब बहुत विरोध हुआ तो वह भागकर पाकिस्तान चला गया और जूनागढ भी भारत में मिल गया। जब हैदराबाद के निजाम ने भारत में विलय का प्रस्ताव अस्वीकार कर दिया तो सरदार पटेल ने वहाँ सेना भेजकर निजाम का आत्मसमर्पण करा लिया। यह असंभव जैसा कार्य सरदार पटेल की निडरता, साहसिकता एवं जुझारूपन के कारण ही संभव हो पाया। वे अपनी विलक्षण सोच एवं अद्भुत कार्यक्षमता से असंख्य लोागों के प्रेरक बन गए। उनका जीवन एक यात्रा का नाम है- आशा को अर्थ देने की यात्रा, ढलान से ऊंचाई देने की यात्रा, गिरावट से उठने की यात्रा, मजबूरी से मनोबल की यात्रा, सीमा से असीम होने की यात्रा, जीवन के चक्रव्यूह से बाहर निकलने की यात्रा, परतंत्रता से स्वतंत्रता की यात्रा, विखराव से जुड़ाव की यात्रा। उनका अभियान सफल हुआ और यह देश एकता के सूत्र में बंधा। उस महापुरुष के मनोबल को प्रणाम।

सरदार पटेल का संपूर्ण जीवन विलक्षणताओं एवं उपलब्धियों का समवाय है जिसमें सर्वत्र देश के लिए त्याग भावना एवं कुछ नया करने का जज्बा दिखाई देता है। उन्होंने ब्रिटिश सरकार के विरुद्ध खेड़ा सत्याग्रह और बरडोली विद्रोह का सफलतापूर्वक नेतृत्व किया। 1922, 1924 और 1927 में अहमदाबाद नगर निगम के अध्यक्ष चुने गए। 1931 में कांग्रेस के अध्यक्ष चुने गए। स्वतंत्र भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री और गृह मंत्री बने। भारत के राजनैतिक एकीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सरदार पटेल को 1930 में नमक सत्याग्रह के दौरान गिरफ्तार कर लिया गया जिससे पुरे गुजरात में आन्दोलन और तीव्र हो गया और ब्रिटिश सरकार गाँधी और पटेल को रिहा करने पर मजबूर हो गयी। इसके बाद उन्हें मुंबई में एक बार फिर गिरफ्तार किया गया। महात्मा गाँधी के प्रति सरदार पटेल की अटूट श्रद्धा थी। गाँधीजी की हत्या से कुछ क्षण पहले निजी रूप से उनसे बात करने वाले पटेल अंतिम व्यक्ति थे। उन्होंने सुरक्षा में चूक को गृह मंत्री होने के नाते अपनी गलती माना। उनकी हत्या के सदमे से वे उबर नहीं पाये। गाँधीजी की मृत्यु के दो महीने के भीतर ही पटेल को दिल का दौरा पड़ा था।

सरदार पटेल की पंडित जवाहरलाल नेहरू से अच्छी मित्रता एवं मधुर संबंध थे, लेकिन कई मसलों पर दोनों के मध्य मतभेद भी थे। कश्मीर के मसले पर दोनों के विचार भिन्न थे। कश्मीर मसले पर संयुक्त राष्ट्र को मध्यस्थ बनाने के सवाल पर पटेल ने नेहरू का कड़ा विरोध किया था। कश्मीर समस्या को सरदर्द मानते हुए वे भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय आधार पर मामले को निपटाना चाहते थे। इस मसले पर विदेशी हस्तक्षेप के वे खिलाफ थे। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री के चुनाव के पच्चीस वर्ष बाद चक्रवर्ती राजगोपालाचारी ने लिखा था- ह्लनिस्संदेह बेहतर होता, यदि नेहरू को विदेश मंत्री तथा सरदार पटेल को प्रधानमंत्री बनाया जाता। यदि पटेल कुछ दिन और जीवित रहते तो वे प्रधानमंत्री के पद पर अवश्य पहुँचते, जिसके लिए संभवतः वे योग्य पात्र थे। यदि ऐसा होता तो भारत का नक्शा और दूसरा ही होता। ऐसे महान् राष्ट्रीयता के प्रेरक महामना को प्रणाम!

---

**पुस्तक समीक्षा**

# सृजन और निर्माण का संदेश देती है योर स्टील फ्रेंड

**शिवनाथ शुक्ल**

जब दुनिया में युद्ध की विभीषिका और मानवता के पतन का आर्तनाद है, जब विध्वंस और विनाश की दर्दनाक आवाजें भयावह रूप से निराशा का पासा फेंक रहीं हैं ; ऐसे विकट समय में उत्साही युवा उद्यमी एवं शिक्षा की अलख जगाने वाले स्कूल संचालक अंकित मेहता की पुस्तक योर स्टील फ्रेंड, स्टील इंडस्ट्री के क्षेत्र में सृजन और निर्माण की प्रेरणा देती है। मार्केट क्रैश और आर्थिक मंदी के दौर में भी सुन्दर और ईमानदार प्रयासों से उद्यमिता का भाव जागृत कर हम कैसे देश के नवनिर्माण के साथ स्वयं का विकास कर सकते हैं यही इस पुस्तक का मूल भाव है। स्टील उद्योग के क्षेत्र में डेवलपमेंट को लेकर यों तो बड़े-बड़े लोगों और विषय विशेषज्ञों ने एक-से-एक पुस्तकें लिख मारी हैं लेकिन अंकित मेहता की मात्र 54 पृष्ठों की पुस्तक में कमाल का भाव-सम्प्रेषण है ! अंग्रेजी में लिखी इस पुस्तक में शब्दों की सरलता और सहजता ऐसी प्रवाहमय है कि रीडर सहज ही उसमें बहता जाता है। 11 चैप्टर्स में डिवाइड इस बुक में स्टील का कारोबार कब, कैसे और कहाँ शुरू हो, रॉ-मटेरियल, पूंजी आदि का पूरा खाका खींचा गया है। यह पुस्तक इसलिए भी संग्रहणीय और पठनीय बन गयी है कि इसमें स्टील कारोबार को रोचक, प्रॉफिटेबल और भारतीय परिवेश को ध्यान में रखकर प्रस्तुत किया गया है। पुस्तक में इस्पात उद्योग में सफलता के एक-से-एक मन्त्र बताये गए हैं जो लोगों, इस्पात निमार्ताओं, खरीदारों, व्यापारियों आदि को इस फील्ड में आने वाली समस्याओं को समझने में आसान बनाता है। देखा जाए तो अंकित मेहता को उद्यमशीलता विरासत में मिली है। उनके पिताश्री खुशाल भाई मेहता एक प्रमुख स्टील कंपनी के मुखिया, स्टील चेम्बर के भूतपूर्व अध्यक्ष और जाने-माने उद्योगपति हैं। वे वर्षों से भिलाई स्टील प्लांट से लेकर अन्य उद्योगों में अपने कारोबार का विस्तार कर छत्तीसगढ़ के आर्थिक विकास में योगदान देते आ रहे हैं। इसीलिये अंकित ने पुस्तक को अपने पिता खुशाल दास मेहता एवं बिटिया रानी नमस्वी मेहता को समर्पित किया है। इस पुस्तक के लेखन में उनकी धर्मपत्नी श्रीमती जीनल मेहता एवं भ्राता प्रतीक मेहता का भी बराबर का साथ रहा है इसलिये वे इन्हें भी शिद्दत से याद करते हैं । पुस्तक के फोर्वोर्ड को सेल-भिलाई स्टील प्लांट के डायरेक्टर इंचार्ज अनिर्बान दासगुप्ता एवं भारत सरकार के पूर्व स्टील सेक्रेटरी अरुणा शर्मा ने अपने इस्पाती शब्दों से सजाया है। युवा उद्यमी अंकित मेहता की दो दशकों से अधिक की उद्यमशील यात्रा पर केंद्रित इस बेहतरीन किताब के बारे में यही कहा जा सकता है, आई होप दिस बुक विल नॉट ओनली टच यू, बट आल्सो गिव विंग्स टू द एंट्रेप्रेन्योरशिप हिडन वीथिन यू।




---

## आज का राशिफल

**मेष राशिः** आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। कारोबार में थोड़ा सोच-समझकर आगे बढ़ने आज आपके लिए उचित रहेगा। ठाने हुए कार्यों में आपको सफलता जरूर मिलेगी। इस राशि के लोगों को जरूरत से ज्यादा किसी पर भरोसा नहीं करना चाहिए। आज आपका स्वास्थ फिट रहेगा। प्रतियोगी परिक्षा के आपको अच्छे रिजल्ट मिलेंगे। आज आपका व्यापार आगे बढ़ता ही रहेगा।

**वृष राशिः** आज आपका दिन खुशहाल रहेगा।आज कोई खुशखबरी मिलेगी जिससे आप पूरा दिन उत्साहित रहेंगे । ऑफिस में दोस्तों के साथ पार्टी कर सकते हैं। दांपत्य जीवन खुशहाल रहेगा। आज आपके विचारों में उग्रता आयेगी, जितना हो सके विनम्र रहे। हार्डवेयर के करोबारियों का दिन लाभदायक साबित होगा। लवमेट से आपको सरप्राइज मिलेगा, आपके रिश्ते में मिठास बढ़ेगी।

**मिथुन राशिः** आज आपका दिन मिला जुला रहेगा। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी में लगे छात्रों को अपनी मंजिल तक पहुंचने में सफलता मिलेगी। आप सामाजिक क्षेत्र से जुड़े है तो आज आपको सम्मानित किया जाएगा। आंख की समस्या से परेशान लोग अच्छे डॉक्टर को दिखाएंगे। संतान पक्ष से आपको कोई खुशखबरी मिल सकती है। कपड़ा व्यापारियों के काम में अनुकूलता बनी रहेगी।

**कर्क राशिः** आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। धार्मिक कार्यों की तरफ आपका झुकाव रहेगा। दूसरों की मदद आदि के कार्य में रूचि बढ़ेगी। अगर आपने किसी से रुपए उधार लिए हैं तो आप जल्द उसे चुकता कर देंगे। वैवाहिक जीवन में सुख संतोष की वृद्धि होगी। अगर आपकी खुद की शॉप है तो आपकी सेल्स में बढ़ोतरी होगी। आपके व्यक्तिगत जीवन की जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

**सिंह राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज कोई भी निर्णय लेने से पहले परिवारजन की राय अवश्य लें। किसी काम को करने की उत्सुकता बढ़ेगी। आज आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा, आपके अन्दर एनर्जी भरपूर रहेगी। सरकारी जॉब वाले लोगों के प्रमोशन से जुड़ी अच्छी खबर जल्द मिलेगी। हर कदम पर दोस्तों का सहयोग मिलेगा। उनसे अपने मन की बात आज शेयर कर सकते हैं।

**कन्या राशिः** आज आपका दिन शानदार रहेगा। रोजगार की तलाश कर रहे लोगों को रोजगार मिलेगा। आपको सभी रुके कार्यों में सफलता मिलेगी। छात्र पढ़ाई में रूचि लेंगे अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी समझेंगे। नए बिजनेस की शुरूआत आपके लिए फलदायी होगी। इस राशि के लोगों की आर्थिक स्थिति में मजबूती आयेगी। बाहर का ऑयली खान आपके स्वास्थ को कमजोर कर सकता है। कार्य क्षेत्र में दूसरों से अपना काम निकलवाने में सक्षम रहेंगे।

**तुला राशिः** आज आपका दिन शानदार रहेगा। काम पर निकलते समय अचानक किसी फ्रेंड की काल आयेगी, उनसे आपको महत्वपूर्ण जानकारी मिलेगी। अपने जीवन को बेहतर ढंग से जीने का प्रयास करेंगे। काफी समय पहले कोई देखी गई प्रॉपर्टी लेने के लिए फाइनल डिसिजन करेंगे, घर से विचार विमर्श कर लें। आपकी समस्त गतिविधियां आज पूरी होंगी। आज आपका आत्मबल बढ़ेगा। आज आपको स्वास्थ्य संबंधी समस्या से राहत मिलेगी।

**वृश्चिक राशिः** आज आपका दिन उत्तम रहने वाला है। अगर आप टेक्निकल कोर्स कर रहे हैं तो आपको अच्छी जॉब मिल सकती है। ऑफिस के काम में आज व्यस्त रहेंगे, कोशिश करके घरको भी समय दें। किसी मित्र से उसका काम पूरा करने का वादा किया है, तो आज आप उसे पूरा करेंगे। किसी यात्रा का विचार आपको मन ही मन उत्साहित कर सकता है।

**धनु राशिः** आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। आज बुजुर्गों का धार्मिक कार्यों में मन लगेगा। दोस्तों के साथ आज रेस्टोरेंट जायेंगे, जहां मस्ती का माहौल बना रहेगा। ऑफिस में किसी बात को लेकर मूड अपसेट हो सकता है, जहां तक हो सके नार्मल रहे। लॉ कर रहे छात्रों को नए टॉपिक में काफी इंटरेस्ट आएगा। सोशल मीडिया पर आपके फैंस बढ़ेंगे, आपको काफी ज्यादा प्रोत्साहन मिलेगा।

**मकर राशिः** आज आपका दिन बढि ?ा रहने वाला है। आज का दिन आपके रिश्ते में मिठास घोलेगा। कंस्ट्रक्शन के कारोबारियों का चल रहा काम आज पूरा हो जाएगा। आज आप पूरी तरह स्वस्थ रहेंगे। आज फास्ट फूड को अवॉयड करें, स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। इस राशि के राजनीतिज्ञ कोई समारोह करने की योजना बना सकते हैं, समाज हित में काम करेंगे। पुत्र पक्ष से आपको सुख मिलेगा। शिक्षक छात्रों के डाउट क्लियर करेंगे।

**कुंभ राशिः** आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज भाई बहनों के साथ खूब मनोरंजन करेंगे। आस-पड़ोस के लोगों से मधुरता बनाये रखें। प्रोफेसर्स के लिए दिन लाभदायक रहेगा। हाल ही में डांस एकेडमी ज्वाइन किए लोग मन लगा कर सीखें। आगे बढ ? का मौका आपको जल्द ही मिलेगा। बिजनेसमैन आज डील साइन करेंगे जो तरक्की के साथ लाभदायक साबित होगी।

**मीन राशिः** आज आपका दिन नार्मल रहने वाला है। आज ऑफिस में आपके कार्यों की तारीफ होगी। कम्पटीशन की तैयारी में आपको सफलता मिलेगी। अपने अभ्यास को जारी रखें। इस राशि की जो महिलायें अपना बिजनेस स्टार्ट करना चाहती हैं, उनके लिए आज अच्छे योग बन रहे हैं। कठिन कार्यों में भी आप हार नहीं मानेंगे, आप तरक्की के बहुत नजदीक है।

---

**चर्चित मुद्दा** **निर्मल रानी**

# लिव इन रिलेशन - कानून बनने के बाद भी विरोध जारी



लिव-इन रिलेशनशिप अर्थात 'स्वैच्छिक सहवास' को हमारे देश में कानूनी मान्यता हासिल हो चुकी है। भारत में लिव-इन रिलेशनशिप को 1978 में कानूनी मंजूरी मिली थी। उस समय बद्री प्रसाद बनाम डायरेक्टर ऑफ कंसॉलिडेशन नामक एक मुकद्दमे में सर्वोच्च न्यायलय ने पहली बार लिव-इन रिलेशनशिप को वैध ठहराया था। इसके बाद 2010 में महिलाओं की सुरक्षा पर चर्चा करते हुए लिव-इन रिलेशनशिप अर्थात 'स्वैच्छिक सहवास' को कानूनी मान्यता दी गई थी। परन्तु कानूनी मान्यता मिलने के बावजूद लिव-इन रिलेशनशिप में बनने वाले शारीरिक रिश्ते अर्थात बिना शादी किए एक ही घर में एक साथ रहने पर सामाजिक दृष्टिकोण से बार-बार सवाल उठते रहे हैं। लिव-इन रिलेशनशिप कानून के पक्षधर इसे मूलभूत मानवीय अधिकारों और लोगों के व्यक्तिगत जीवन के विषय के रूप में देखते हैं तो वहीँ दूसरी तरफ एक बड़ा वर्ग इस व्यवस्था को भारतीय सामाजिक और नैतिक मूल्यों के विरुद्ध मानता हैं। यह वर्ग इसे गैर पारंपरिक,अनैतिक यहां तक कि अधार्मिक भी मानता है। जबकि अदालत अपने निर्णय में स्पष्ट कर चुकी है कि लिव-इन रिलेशनशिप को पर्सनल ऑटोनॉमी यानी व्यक्तिगत स्वायत्ता के चश्मे से देखने की जरूरत है, ना कि सामाजिक नैतिकता की धारणाओं से। फिर भी 1978 में कानूनी मंजूरी मिलने के बावजूद अर्थात 45 वर्षों बाद भी इस कानून के विरुद्ध अभी भी देश के किसी न किसी भाग से स्वर उठते ही रहते हैं। परन्तु लिव-इन रिलेशनशिप में रहने वाले जोड़ों को अदालतें यही कहकर संरक्षण देती रही हैं कि ये विषय संविधान के आर्टिकल 21 के तहत दिए राइट टू लाइफ की श्रेणी में आता है। सर्वोच्च न्यायालय तो यहाँ तक कह चुकी है कि शादीशुदा होने के बावजूद लिव-इन रिलेशनशिप में रहना भी कोई गुनाह नहीं है। और इससे भी कोई फर्क नहीं पड़ता कि शादीशुदा व्यक्ति ने तलाक की कार्रवाई शुरू की है या नहीं।

निश्चित रूप से अदालत का यह फैसला उन मानवाधिकारों की तजुर्मानी करता है जिसके तहत किसी भी व्यस्क व्यक्ति को अपने जीवन व भविष्य के बारे में निर्णय लेने का अधिकार हासिल है। जाहिर है जब किसी व्यस्क को अपनी मर्जी का कपड़ा पहनने,खाने-पीने,अपने शैक्षिक विषय चुनने,अपना कैरियर चुनकर भविष्य निर्धारित करने जैसे सभी अधिकार हासिल हैं फिर उसे अपना जीवन साथी चुनने जैसा महत्वपूर्ण निर्णय लेने का भी हक होना चाहिये। क्योंकि यह निर्णय जीवन का सबसे महत्वपूर्ण निर्णय है। सर्वोच्च न्यायालय ने 2006 के ऐसे ही एक मामले में फैसला देते हुए कहा था कि, वयस्क होने के बाद व्यक्ति किसी के साथ रहने या शादी करने के लिए आजाद है। परन्तु इसी दौरान लिव-इन रिलेशनशिप में ही रहने वालों से सम्बंधित कई खबरें ऐसी भी आ चुकीं हैं जो घोर अपराधपूर्ण तथा रिश्तों में विश्वासघात या धोखा साबित हुईं। कहने को तो यह नकारात्मक स्थितियां उस वैवाहिक रिश्तों के बाद भी सामने आती हैं जिन्हें पारंपरिक विवाह या 'अरेंज मैरिज ' कहा जाता है। परन्तु यह भी सच है कि सामाजिक व धार्मिक परम्परानुसार होने वाली शादियों में आने वाले किसी भी उतार चढ़ाव के समय परिवार व समाज बच्चों के साथ खड़ा होता दिखाई देता है। किसी भी पारिवारिक संकट के समय बच्चों के परिजन उनके साथ होते हैं। परन्तु लिव इन रिलेशन शिप में ऐसा नहीं हो पाता। क्योंकि चूँकि लिव-इन रिलेशनशिप अर्थात 'स्वैच्छिक सहवास' को हमारे देश की परम्पराओं व मान्यताओं के अनुसार अनैतिक माना गया है इसलिये प्रायः लिव-इन रिलेशनशिप में रहने के इच्छुक लड़के या लड़की दोनों ही के परिजन इस रिश्ते में रहने के लिये शुरू से ही राजी नहीं होते। और यदि राजी होते भी हैं तो बच्चों के दबाव में आकर ही अपने अभिभावकों को इस रिश्ते में रहने के लिये किसी तरह अनमने तरीके से राजी कर लेते हैं। जबकि अदालत 'प्री-मैरिटल सेक्स' और 'लिव-इन रिलेशनशिप' के संदर्भ अपने एक फैसले में यहां तक कह चुकी है कि -इसमें कोई शक नहीं कि भारत के सामाजिक ढांचे में शादी अहम है, लेकिन कुछ लोग इससे इत्तेफाक नहीं रखते और प्री-मैरिटल सेक्स को सही मानते हैं। आपराधिक कानून का मकसद यह नहीं है कि लोगों को उनके अलोकप्रिय विचार व्यक्त करने पर सजा दें। लिव-इन-रिलेशनशिप के खिलाफ सबसे अधिक धार्मिक व सामाजिक संगठन तथा खाप पंचायतें मुखरित रही हैं। गत वर्ष चरखी दादरी में आयोजित फोगाट खाप की सर्वजातीय महापंचायत में हिंदू मैरिज एक्ट में बदलाव करने और लिव इन रिलेशनशिप पर रोक लगाने के लिए सर्वसम्मति से फैसला लिया गया था और सरकार से इन मामलों में संज्ञान लेने की मांग की गयी थी। साथ ही यह निर्णय भी लिया गया था कि खाप द्वारा सामाजिक ताना-बाना बनाए रखने व समाज में एकजुटता लाने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।इस पंचायत में सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जन जागरूकता अभियान शुरू करने को लेकर भी कई अहम फैसले लिए गए थे ।



पंचायत में प्रतिनिधियों ने लिव इन रिलेशनशिप से सामाजिक ताना-बाना बचाने व लिव इन रिलेशनशिप जैसे मामलों पर प्रतिबंध लगवाने की मांग की गयी थी । इसी तरह पिछले दिनों एक बार फिर जींद जिले की 23 खाप पंचायतें जाट स्कूल में इकठ्ठा हुई। यहाँ इन 23 खापों की महापंचायत में भी यही निर्णय लिया गया कि लिव इन रिलेशनशिप पर बना कानून सही नहीं है। इसको लेकर खापें बहुत नाराज हैं। इन खापों ने लिव इन रिलेशनशिप कानून को संसद के शीतकालीन सत्र में रद्द करने की मांग भी की है।

अदालत ने जिसतरह सामान्य शादी शुदा जोड़ों को उनके कर्तव्यों व अधिकारों के मद्देनजर कानूनों के माध्यम से संरक्षण प्रदान किया है ठीक उसी तरह लिव इन रिलेशन में रहने वाले जोड़ों को तथा उनके बच्चों के अधिकारों को भी अपनी विस्तृत व्यवस्था देकर संरक्षित किया है। किसी व्यस्क के मानवाधिकार व निजी जिंदिगी के नाम पर मिले इस अदालती संरक्षण के बावजूद हमारा भारतीय पारम्परिक समाज चाहे वे खाप पंचायतें हों,साधू संत,धर्म गुरु या मौलवी -काजी किसी भी धर्म के परम्परावादी लोग लिव-इन-रिलेशनशिप की इस व्यवस्था को पचा नहीं पा रहे हैं। यही वजह है कि लिव इन रिलेशन व्यवस्था के पक्ष में अदालती कानून बनने के बाद भी इसका विरोध अभी भी जारी है।

## एक नजर

### 15 से 23 दिसम्बर तक अग्निवीर थल सेना भर्ती रैली का आयोजन

**जगदलपुर 15 दिसंबर।** प्रदेश के जांजगीर चांपा जिले के पुलिस लाईन, खोखराभांठा जांजगीर में अग्निवीर थल सेना भर्ती रैली 15 दिसम्बर से 23 दिसम्बर 2023 तक आयोजन किया गया है। बस्तर जिले के 42 युवाओं को जिन्होंने सीईई की परीक्षा उत्तीर्ण कर शारीरिक दक्षता हेतु क्वालिफाई किए हैं, उन्हें जांजगीर लेने जाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा बस की सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। बस 17 दिसंबर की शाम को रवाना होगी। बस्तर जिले के युवाओं का शारीरिक दक्षता परीक्षा 18 दिसंबर को है। अधिक जानकारी के लिए जिला पंचायत के अधिकारी बीरेंद्र बहादुर 7987984276 या पवन सिंह 9981817292 से संपर्क कर सकते हैं। ज्ञात हो कि इस थल सेना भर्ती के लिए अप्रैल 2023 में ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईई) का आयोजन किया गया था। उक्त सीईई में उत्तीर्ण युवाओं का शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं अन्य भर्ती प्रक्रियाओं के लिए 15 दिसम्बर से 23 दिसम्बर 2023 तक पुलिस लाईन खोखराभांठा जांजगीर में भर्ती रैली किया जा रहा है।

### उचित मूल्य दुकान संचालन के लिए 28 दिसम्बर तक आवेदन आमंत्रित

**जगदलपुर 15 दिसंबर।** कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जगदलपुर द्वारा जगदलपुर ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पंचायत उपनपाल, धनपुंजी, माड़पाल, गरावंडखुर्द, उलनार, घाटपदमुर एवं कैकागढ़-2 में नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान के संचालन हेतु नवीन आबंटन किया जाएगा। इस हेतु इच्छुक पंजीकृत सहकारी समितियां, ग्राम पंचायत, महिला समूह या वन सुरक्षा समिति 28 दिसम्बर 2023 तक कार्यालयीन समयावधि में आवश्यक सम्पूर्ण दस्तावेज सहित कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जगदलपुर, संयुक्त जिला कार्यालय के कक्ष कमांक जी-15 में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा।

### गुरु घासीदास जयंती पर शुष्क दिवस घोषित

**जगदलपुर 15 दिसंबर।** कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. ने 18 दिसम्बर 2023 को ''गुरू घासीदास जयंती'' के अवसर पर जिले में मदिरा दुकानों को बंद रखने हेतु 'शुष्क दिवस' घोषित किया गया है। उन्होंने 18 दिसम्बर को ''गुरू घासीदास जयंती'' के अवसर पर जिले के देशी-विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानें देशी मदिरा सीएस 2 (घघ), विदेशी मदिरा एफएल 1 (घघ), एफ.एल.3 होटल बार, एफ.एल.7 सैनिक कैंटिन एवं मद्य भण्डागार को 17 दिसम्बर को समयावधि पश्चात बंद करने सहित 18 दिसम्बर सोमवार को पूर्णतः बंद रखने तथा अवैध शराब के विक्रय पर समुचित नियंत्रण रखने के निर्देश जारी किए हैं।

### स्ट्रेचर बेयरर के रिक्त पद के लिए दस्तावेज सत्यापन 20 दिसम्बर को

**उत्तर बस्तर कांकेर, 15 दिसम्बर।** शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय कांकेर में चतुर्थ श्रेणी स्ट्रेचर बेयरर के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए कनिष्ठ कर्मचारी चयन बोर्ड जगदलपुर से प्राप्त मेरिट सूची अनुसार पूर्व में दस्तावेज सत्यापन हेतु आमंत्रित नहीं किये गये अभ्यर्थियों का मूल दस्तावेजों का सत्यापन कर भर्ती की अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। इस हेतु अभ्यर्थी 20 दिसम्बर को प्रातः 10 से दोपहर 02 बजे तक मेस हॉल बिल्डिंग शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय नंदनमारा कांकेर में उपस्थित होकर मूल दस्तावेज सत्यापन करा सकते हैं।


### कलेक्टर ने बच्चों को बांटे स्वेटर

**मोहला 15 दिसंबर।** कलेक्टर श्री एस जयवर्धन ने आज अंबागढ़ चौकी विकासखंड के चिल्हाटी में संचालित शासकीय अनुसूचित जाति कन्या आश्रम पहुंचकर बालिकाओं के बीच समय बिताया। कलेक्टर यहां पालक बनकर पहुँचे, उन्होंने नन्ही बालिकाओं को अपना दुलार दिया। कलेक्टर को अपने बीच पाकर आश्रम में निवासरत बालिकाओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। कलेक्टर ने सर्दी की मौसम को देखते हुए बालिकाओं को स्वेटर वितरित किया। कलेक्टर ने बालिकाओं को चॉकलेट और पेन भी वितरित किया। कलेक्टर ने बालिकाओं का हाल-चाल जाना और आदिवासी विकास विभाग और आश्रम अधीक्षिका को निर्देशित किया कि समय-समय पर बच्चों का स्वास्थ्य प्रशिक्षण अनिवार्य रूप से कराएं। कलेक्टर ने बालिकाओं को रोचक बातें बताते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।

# गौरव पथ के दोनों किनारे दर्जनों बसों की अवैध पार्किंग, जिम्मेदार बेपरवाह

## स्कूली बच्चे एवं राहगीर दुर्घटना के शिकार हो रहे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**बचेली 15 दिसंबर।** लौहनगरी बैलाडीला में मुख्य चौराहें सहित जगह-जगह गौरव पथ के दोनों किनारे होने वाली यात्री बसों एवं भारी वाहनों की अवैध पार्किंग जान की दुश्मन बनी हुई हैं। आए दिन स्कूली बच्चे एवं राहगीर दुर्घटना के शिकार हो रहें हैं इसके बावजूद जिम्मेदार जनप्रतिनिधि व प्रशासनिक अधिकारी आंखें मूंदे हुए हैं।

स्थानिय लोग कहते है कि लौह नगरी किरंदुल पूरे छत्तीसगढ़ में सबसे धनी नगर पालिकाओं में से एक है जहां भारत सरकार की नवरत्न कंपनी एनएमडीसी एवं आर्सेलर निपान मित्तल जैसी बड़ी कंपनियां संचालित हो रही है इस धनी नगर पालिका का नगर में एकमात्र बस स्टैंड स्थित जहा से रोजाना सैकड़ो बसे संचालित होती हैं जहा सुबह 3.30 बजे से रात्रि 12 बजे तक हर रोज हर आधे घंटे में बसे चलते है पालिका का इकलौता बस स्टैंड होने के बावजूद आव्यवस्थाओं से भरा हुआ है जहां बसों को खड़ी करने की कोई व्यवस्था नहीं है सड़क के दोनों ओर गौरव पथ में बसों की कतार खड़ी रहती है जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है जनता द्वारा बार-बार शिकायत करने के बाद भी इस और नगर पालिका का कोई ध्यान नहीं है ना ही पुलिस प्रशासन द्वारा अव्यवस्थित बसों पर कोई कानूनी कार्रवाई की जा रही है बस स्टैंड के समीप राहगीरों को बैठने के लिए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा एक यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण कराया गया था जिसके सामने बसे खड़े रहते है और इस बस के आड़ में रात्रि में आसामाजिक तत्वों द्वारा, कई प्रकार के घृणात्मक कृत्य भी किया जाता है



छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जो नया बस स्टैंड किरंदुल को दिया गया था उसकी जगह प्रशासन द्वारा सुनिश्चित किया गया है रोड के दोनों साइड बस खड़े होने से आम जनता को काफी परेशानी हो रही है अव्यवस्थित बसों के खड़े होने के लिए स्थाई पार्किंग की व्यवस्था जल्द की जाएगी।

**नगर पालिका अध्यक्ष मृणाल राय**



अव्यवस्थित बसों के कारण आए दिन दुर्घटना की शिकायत हमें प्राप्त हो रही है नगर पालिका के साथ बात कर जल्द समस्या का समाधान के लिए बस संचालकों से बात की जाएगी इसके बाद भी रोड से बसे नही हटी तो आव्यवस्थित बसों पर चालानी कार्रवाई की जाएगी।

**एसडीओपी कपिल चंद्रा**

# अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गए ग्रामीण डाक सेवक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**गीदम, 15 दिसम्बर।** जिले भर के ग्रामीण डाक सेवक अपनी विभिन्न मांगों को लेकर 12 दिसंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है ऐसे में ग्रामीण डाकघरों में ताला लग गया है, इससे जुड़े कई कार्य रुक गए हैं। गीदम स्थित उपडाक घर के सामने धरने पर बैठे ग्रामीण डाक सेवको की मांगें है कि सभी ग्रामीण डाक सेवकों को सिविल सर्वेंट का दर्जा देने, 8 घंटे की समय सीमा लागू करने, कमलेश चन्द्र कमेटी द्वारा दिये गए सभी ग्रामीण डाक सेवको के बचे हुए अनुशंसाओं को लागू करने, सेवाकाल में तीन पदोन्नति देना तत्काल लागू करे। रोके गए 18 माह के डी ए एरियर्स का तत्काल भुगतान करने, न्यूनतम वेतन एव फिटमेंट फेक्टर में वृद्धि करने, सभी फ्रंटलाइन वर्कर्स एव जीडीएस का समुचित बीमा करवाने, ग्रामीण डाक सेवको के लिए ग्रुप इंश्यूरेंस की राशि 5 लाख तत्काल दिए जाने, ग्रेच्युटी विभागीय कर्मचारी के अनुसार दिए जाने, सभी कर्मचारियों एव ग्रामीण डाक सेवको को सार्वजनिक, सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने, ग्रामीण डाक सेवको को चिकित्सा सुविधा प्रदान करने, सह आरोपी बनाकर निरीह और निर्दोष कर्मचारियों को प्रताड़ित करना बंद करने, अनावश्यक चार्जशीट देना बंद करने, अनौचित्यपूर्ण दंड देना बंद करने, डाकघर के कर्मचारियों हेतु सभी कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने, जबरदस्ती और अनौचित्यपूर्ण वसूली आदेश देना बंद करने जैसी प्रमुख मांगे सरकार से की गई है। ग्रामीण क्षेत्र के डाक घर नहीं खुलने के कारण एसबी, आरडी, एसएसए, आरपीएलआई, टीडी जमा सहित अन्य सभी साधारण पत्र नहीं बटने से आम जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गीदम में धरने पर बैठे ग्रामीण डाक सेवको ने अपनी मांगों को लेकर जमकर प्रदर्शन किया और सरकार से अपनी मांगे पूरी करवाने के लिए नारेबाजी की। इस दौरान ग्रामीण डाक सेवको ने कहा कि जब तक उनकी मांगे पुरी नही होगी वह हडताल पर डटे रहेंगे और अपनी लड़ाई लड़ेंगे। इस मौके पर धरना स्थल पर बड़ी संख्या में ग्रामीण डाक सेवक मौजूद रहे।

# ग्राम कुरिष्टीकुर में विद्युत सब स्टेशन स्थापित करने रिटेंडर की प्रक्रिया पूर्ण

■ **राज्य स्तर पर अनुमोदन उपरांत तत्काल शुरू की जाएगी स्थापना की प्रक्रिया**



**उत्तर बस्तर कांकेर, 15 दिसम्बर।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल द्वारा जिले के ग्राम कुरिष्टीकुर में 33/11 केव्ही विद्युत उपकेन्द्र स्थापित करने निविदा उपरांत आर्डर पूर्व में मेसर्स एनकेजे इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड रायपुर को हुआ था। इस संबंध में कार्यपालन अभियंता विद्युत ने बताया कि उक्त फर्म के द्वारा यह कार्य कर पाने में असमर्थता जताए जाने पर पुनर्निविदा (रिटेंडर) की प्रक्रिया हो चुकी है और अनुमोदन के लिए राज्य शासन को प्रस्ताव भेजा गया था। उन्होंने बताया कि इस दौरान विधानसभा निर्वाचन के कारण आदर्श आचरण संहिता प्रभावी होने की वजह से शासन स्तर पर अनुमोदन नहीं हो पाया था, लेकिन अब ग्राम कुरिष्टीकुर में विद्युत सब स्टेशन का निर्माण कार्य संबंधित फर्म द्वारा शीघ्र ही शुरू किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि उक्त ग्राम में लो-वोल्टेज की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला से शीघ्र सब स्टेशन की स्थापना मांग की थी। उनके निर्देशानुसार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कांकेर श्री मनीष साहू ने आज तहसीलदार को शाम को कुरिष्टीकुर भेजा, जहां उन्होंने ग्रामीणों से मिलकर टेंडर प्रक्रिया पूर्ण होने और जल्द ही सब स्टेशन निर्माण कार्य शुरू होने की जानकारी देते हुए उन्हें वस्तुस्थिति से अवगत कराया।

# पेंशनरो ने किया नवनिर्वाचित विधायक का सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़ 15 दिसंबर।** पेंशनर एसोशिएशन द्वारा सम्मान समारोह आयोजित कर नवनिर्वाचित विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल का शाल और मोमेंटो प्रदान कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में विधायक द्वारा भी उपस्थित समस्त पेंशनरों को श्रीफल और गमछा प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल ने कहा मेरा यह सौभाग्य है कि मुझे आप सभी पिता तुल्य वरिष्ठ जनों का आशीर्वाद प्राप्त हुआ है जिसके लिए मैं सदैव ऋ्णी रहूंगी और आपके सभी समस्याओं के निराकरण एवं सहयोग के लिए हमेशा तत्पर रहूंगी। कार्यक्रम को पेंशनर एसोशिएशन के अध्यक्ष ललित नारंग ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में विधायक के साथ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संजीव गोमास्ता रामजी तराने अनिल मेश्राम जितेन्द्र भाटिया शिशुपाल भारती रुपचंद खोबरागड़े मतीन खान कमल शर्मा मंचस्थ रहे। इस अवसर पर पेंशनर एसोशिएशन के अध्यक्ष ललित नारंग एन आर देवांगन के आर देवांगन विश्वनाथ यादव हेमंत साहू रमेश बहेकर बी आर बघेल डी पी शर्मा के एल साहू एच आर साहू ए के पैकरा प्रहलाद वर्मा ए के मेश्राम बबलू शांडिल्य के के बघेल के के जैन मुनेश्वर शर्मा मोह. शरीफ क्रांति बंजारे राखिन यादव हीरालाल यादव केदार यादव हंसराज साहू श्याम लाल महोबिया टी एल तिवारी डी सी एड़े पवन शर्मा योद्धा सिंह राठौर सहित बड़ी संख्या पेंशनर्स उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन के एल साहू और आभार ए के पैकरा ने किया। उक्त जानकारी पेंशनर एसोशिएशन के सचिव रमेश बहेकर ने दिया।

## समाचार संक्षेप

### 20 दिसम्बर तक कर सकेंगे कार्मिक संपदा पोर्टल में ओपीएस या एनपीएस अपलोड कर प्रकरणों का निराकरण

**जगदलपुर 15 दिसंबर।** संचालनालय पेंशन एवं भविष्य निधि छत्तीसगढ़ द्वारा कार्मिक संपदा पोर्टल में ओपीएस या एनपीएस विकल्प अपलोड कर प्रकरणों के निराकरण के लिए आगामी 20 दिसम्बर 2023 तक समय-सीमा निर्धारित किया गया है। इस सम्बंध में सभी कोषालय अधिकारियों द्वारा परिपत्र जारी कर सम्बंधित आहरण-संवितरण अधिकारियों को समय-सीमा में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने कहा गया है। वरिष्ठ कोषालय अधिकारी जगदलपुर श्री संजय सोनवानी द्वारा अवगत कराया गया है कि ऐसे प्रकरण जिनमें ओपीएस या एनपीएस चयन हेतु निर्धारित समय-सीमा में विकल्प प्रस्तुत कर दिया गया है, किन्तु कार्मिक संपदा में अपलोड नही किया जा सका है। उन प्रकरणों को परीक्षण उपरांत कार्मिक संपदा पोर्टल में अपलोड करने हेतु जिला कोषालय अधिकारी को अधिकृत किया गया है। विगत 01 नवम्बर 2004 से 31 मार्च 2022 तक नियुक्त शासकीय सेवक जो विकल्प प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 08 मई 2023 तक सेवानिवृत्त या मृत हो चुके हैं तथा संबंधित के द्वारा विकल्प प्रस्तुत नहीं किया गया है, ऐसे प्रकरणों में संबंधित सेवानिवृत्त शासकीय सेवक या मृत शासकीय सेवक के नॉमिनी द्वारा पुरानी पेंशन योजना में आने का विकल्प प्रस्तुत करने की अनुमति प्रदान किये जाने के फलस्वरूप परीक्षण उपरांत विकल्प स्वीकार कर अपलोड किया जाना है। उपरोक्त प्रकरणों को कार्मिक संपदा पोर्टल में अपलोड करने हेतु नयी व्यवस्था का निर्धारण किया गया है जिसके तहत संबंधित आहरण संवितरण अधिकारी द्वारा मेकर आईडी से संबधित दस्तावेज अपलोड किये जायेंगे एवं चेकर आइडी से विकल्प को वेरिफाई किया जावेगा तदुपरांत कोषालय अधिकारी द्वारा प्रकरणों को ऑथोराइज्ड किया जाएगा।

### व्यायाम शाला संचालन के लिए आवेदन आमंत्रित

**उत्तर बस्तर कांकेर, 15 दिसम्बर।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा जिले में व्यायाम शाला संचालन हेतु शासकीय एवं अशासकीय संस्थाओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। व्यायाम शाला प्रारंभ करने के इच्छुक संस्थाएं निर्धारित प्रपत्र में आवेदन एक सप्ताह के भीतर खेल एवं युवा कल्याण विभाग के जिला कार्यालय में निर्धारित समय-सीमा में प्रस्तुत कर सकते हैं। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि खेल एवं युवा कल्याण कार्यालय द्वारा ग्रामीण एवं शहरी अंचलों में व्यायाम शाला एवं जिम उपकरण प्रदाय किया जाना है। इस योजनांतर्गत शासकीय विद्यालय, महाविद्यालय, ग्राम पंचायत, विकासखण्ड मुख्यालय एवं नगरीय क्षेत्र में जहां व्यायाम शाला हेतु स्थान उपलब्ध है, वहां व्यायाम उपकरण स्थापित किये जाएंगे। व्यायाम शाला के लिए स्थल एवं संचालन करने वाली संस्था का चयन जिला स्तरीय व्यायामशाला समिति द्वारा की जाएगी। व्यायाम उपकरण ऐसे स्थल में स्थापित किए जायेंगे जहां व्यायाम शाला स्थापित करने भवन उपलब्ध हो, व्यायाम शाला भवन में योग एवं शारीरिक गतिविधि हेतु पृथक के कक्ष, चेंजिंग रूम एवं प्रसाधन कक्ष होना आवश्यक है। आवेदक संस्था के आधिपत्य एवं स्वामित्व में व्यायामशाला प्रारंभ करने हेतु पर्याप्त आकार के कक्ष उपलब्ध होना चाहिए। संस्था को प्रदाय की गई सामग्री शासकीय संपत्ति रहेगी, जिसका स्थानीय स्तर पर संस्था के माध्यम से सामुदायिक उपयोग किया जाएगा। व्यायामशाला के रखरखाव के लिए उचित प्रवेश शुल्क भी निर्धारित किया जा सकता है। व्यायाम शाला के भवन, उपकरण, प्रशिक्षक, व्यायाम शाला के रख-रखाव हेतु अन्य आवश्यक कर्मचारी, विद्युत संधारण व्यय आदि समस्त अनुषांगिक व्यय संबंधित संस्था वहन करेगी। विभाग से इस हेतु पृथक से कोई अन्य आर्थिक सहायता नहीं दी जाएगी। इसकी विस्तृत जानकारी प्राप्त करने के लिए कार्यालय खेल एवं युवा कल्याण से संपर्क किया जा सकता है।

### एडीएम ने निर्वाचन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों को किया सम्मानित



**उत्तर बस्तर कांकेर, 15 दिसम्बर।** जिले के अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सुपरवाइजर एवं बीएलओ की बैठक लेकर उन्हें मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम एवं विशेष शिविर के आयोजन के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर अतिरिक्त कलेक्टर अन्तागढ़ श्री बी.एस. उइके द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर रिटर्निंग अधिकारी अंतागढ़ श्री ए.एस. पैकरा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### तृतीय श्रेणी के रिक्त पदों की सीधी भर्ती के लिए शुद्धि पत्र जारी

**उत्तर बस्तर कांकेर, 15 दिसम्बर।** विशेष कर्मचारी चयन बोर्ड बस्तर संभाग जगदलपुर के माध्यम से शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय कांकेर हेतु तृतीय श्रेणी सहायक ग्रेड-03, कोडिंग क्लर्क, रिकॉर्ड क्लर्क एवं रिसेप्सनिस्ट क्लर्क की सीधी भर्ती हेतु जारी विज्ञापन में संख्या एवं श्रेणी में त्रुटि होने के कारण शुद्धि पत्र जारी की गई है।

## दो दिन के भीतर धान के उठाव के दिए निर्देश, श्रीगुहान में बायोगैस संयंत्र का भी किया अवलोकन

# कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उत्तर बस्तर कांकेर, 15 दिसम्बर।** कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने आज जिले के नरहरपुर विकासखंड के विभिन्न धान खरीदी केन्द्रों का दौरा कर धान खरीदी कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी केन्द्रों में धान खरीदी एवं उठाव की जानकारी प्राप्त कर निर्देशित किया कि संग्रहण केन्द्रों में जाम की स्थिति निर्मित नहीं होनी चाहिए। उन्होंने खाद्य विभाग के अधिकारियों को दो दिवस के भीतर खरीदे गए धान का उठाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने नरहरपुर क्षेत्र के धान खरीदी केन्द्र चवांड़, उमरादाह और चरभट्ठी में धान खरीदी कार्य का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने केन्द्र प्रभारी से पंजीकृत किसानों एवं धान बेचने वाले किसानों की जानकारी ली। उन्होंने धान खरीदी केन्द्रों में धान बेचने पहुंचे किसानों से चर्चा की और पूछा कि उन्हें किसी प्रकार की कोई समस्या तो नहीं है। कुछ किसानों ने धान बेचने की लिमिट बढ़ाने की मांग की, जिस पर कलेक्टर ने आवश्यक कार्यवाही के लिए खाद्य अधिकारी को निर्देशित किया। इसके अलावा उन्होंने ग्राम चवांड़ के उप स्वास्थ्य केन्द्र का भी जायजा लेकर किया। इस दौरान उन्होंने स्टाफ से आयुष्मान कार्ड, दवाईयों की उपलब्धता एवं स्वास्थ्य परीक्षण सुविधाओं की जानकारी ली। इसके अलावा गर्भवती महिलाओं का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के बारे में भी पूछा और निर्देश दिए कि खून की कमी या अन्य कारणों से कमजोर महिलाओं पर विशेष ध्यान दें। इसके बाद कलेक्टर ने ग्राम श्रीगुहान पहुंचकर बायोगैस संयंत्र का भी अवलोकन किया। उन्होंने बायो गैस संयंत्र में गोबर से गैस बनने की पूरी प्रक्रिया के बारे में जानकारी ली और कहा कि यह ईको फ्रेंडली गैस संयंत्र है और इससे ईंधन के साथ-साथ खाद की भी प्राप्त होती है। कलेक्टर को गांव के पंचायत सचिव ने बताया कि इस संयंत्र से माध्यमिक शाला के किचन में गैस की आपूर्ति की जाती है। इसके उपयोग से शाला में बच्चों के लिए मध्यान्ह भोजन बनाया जाता है। जिला पंचायत सीईओ श्री सुमित अग्रवाल ने बताया कि यह बायो गैस संयंत्र गोबरधन योजना के तहत स्थापित की गई है। केन्द्र सरकार की इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में गोबर एवं जैविक अपशिष्ट का प्रबंधन कर उन्हें बायोगैस तथा ऑर्गेनिक खाद में बदलना है, ताकि किसानों और अन्य घरों को लाभ पहुंचाकर उनके जीवन स्तर में सुधार किया जा सके। इस दौरान खाद्य अधिकारी श्री जन्मेजय नायक,नरहरपुर जनपद सीईओ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### 19 दिसंबर को समस्त पंचायतो में ग्राम सभा का होगा आयोजन

**गरियाबन्द, 15 दिसंबर।** ग्राम विकास हेतु ग्राम 19 दिसम्बर को समस्त ग्राम पंचायतों में किये जाना है। साथ ही उक्त ग्राम सभा की बैठक में अतिरिक्त एजेण्डा के रूप में स्वच्छ भारत मिशन के बिन्दुओं पर चर्चा किया जायेगा।ग्राम पंचायतों में दिनांक 19 दिसम्बर को विशेष ग्राम सभा का आयोजन सुचारू रूप से सम्पन्न कराने तथा ग्राम सभा में लिये गये निर्णयों की अधिकतम 15 मिनट की विडियो रिकार्डिंग की जानी है तथा विडियो को ÷ग्राम सभा निर्णय÷ मोबाईल एप्प में अपलोड किया जाना है। तदानुसार आयोजित ग्रामसभा के गतिविधियों को वाईब्रेट ग्राम सभा पोर्टल एवं जी पी डी पी पोर्टल में शत्-प्रतिशत अपलोड किया जायेगा। ग्रामसभा सम्मिलन पूर्ण कराने के पश्चात प्रतिवेदन जिला कार्यालय को भी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया हैं।

### ग्राम झरना में 27.60 क्विंटल अवैध धान की जब्ती



**रायगढ़, 15 दिसम्बर।** तहसील तमनार के ग्राम-झरना में वासुदेव साव से आज 27.60 क्विंटल अवैध धान की जप्ती की गई। उक्त जप्ती की कार्यवाही उप निरीक्षक कृषि उपज मंडी समिति घरघोड़ा के कु.केशनी कंवर द्वारा अवैध मण्डी अधिनियम की धारा के तहत की गई है। ज्ञात हो कि जिले में 1 नवम्बर से धान खरीदी की शुरूआत की गई है। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने जिले में अन्य राज्यों से अवैध रूप से धान की आवक रोकने एवं कड़ी निगरानी के निर्देश दिए हुए है। जिसके तहत जिले से लगे अन्य राज्यों के सीमावर्ती क्षेत्रों में लगातार निगरानी सहित चेक पोस्ट के माध्यम से जांच की जा रही है। इसी कड़ी में तहसील तमनार के ग्राम-झरना निवासी वासुदेव साव से धान के अवैध परिवहन करते पाये जाने पर मंडी अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए 69 बोरी (भरती-40 किलो ग्राम), मात्रा-27.60 क्विंटल धान जप्ती की कार्यवाही की गई।

### सीजीपीएससी प्रीलिम्स-2023 के लिए निःशुल्क टेस्ट सीरीज

**बीजापुर 15 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला प्रशासन बीजापुर द्वारा संचालित बीजापुर कैरियर अकादमी में आगामी ष्ट्रत्नक्क्रस्ष्ट 2023 प्रारंभिक परीक्षा की तैयारी के लिए राज्य स्तरीय टेस्ट सीरीज प्रारंभ की जा रही है, जिसका पहला टेस्ट 18 दिसंबर 2023 दिन शनिवार से होगा इस टेस्ट सीरीज में 2 स्न्ह्वद्व ज्ञश्वस्ज्ञ सहित कुल 12 टेस्ट होंगे। पंजीयन के लिए जैतालुर रोड नवोदय विद्यालय के सामने कार्यालय कैरियर एकेडमी बीजापुर में संपर्क कर सकते हैं तथा मोबाईल नम्बर 7999693304, 9723196563 पर संपर्क किया जा सकता है।

### जनदर्शन में बेटी के दिव्यांगता प्रमाणपत्र का करवाया गया नवीनीकरण



**रायगढ़, 15 दिसम्बर।** मंगलवार को रायगढ़ तहसील के ग्राम जामगांव निवासी श्री अशोक कुमार पण्डा अपनी बिटिया के साथ जनदर्शन में पहुंचे थे। यहां उन्होंने कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल से मुलाकात कर अपनी दिव्यांग बिटिया की एक समस्या रखी। उन्होंने बताया कि बच्ची का दिव्यांग प्रमाण-पत्र एवं यूडीआईडी कार्ड का नवीनीकरण नहीं हो पा रहा है। पोर्टल में कई बार प्रयास किया गया किन्तु तकनीकी समस्या के चलते नवीनीकरण की प्रक्रिया पूर्ण नहीं हो पा रही है। जिससे उसे छात्रवृत्ति सहित अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ लेने में दिक्कतें आ रही है। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने मामले की गंभीरता को तुरंत संज्ञान में लेते हुए मौके पर ही उप संचालक समाज कल्याण को निर्देशित किया कि तत्काल संबंधित अधिकारियों से बात करें, आवश्यकता पड़ने पर दिल्ली स्थित कार्यालय से संपर्क कर बच्ची के दिव्यांगता प्रमाण-पत्र का नवीनीकरण सुनिश्चित करवायें। प्रकरण में दिल्ली की यूडीआईडी नोडल से मार्गदर्शन प्राप्त कर दो दिन के भीतर ही प्रमाण-पत्र का नवीनीकरण करवाकर पिता श्री अशोक कुमार पण्डा को सौंप दिया गया।

### मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण के संबंध में कलेक्टर ने ली बैठक

**रायगढ़, 15 दिसम्बर।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण तथा मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2024 के संबंध में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक ली। अपर कलेक्टर श्री राजीव कुमार पाण्डेय भी इस बैठक में उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री गोयल ने प्रतिनिधियों को जानकारी देते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के अंतर्गत मतदान केन्द्रों से निर्धारित न्यूनतम दूरी एवं अधिकतम मतदाता संख्या आदि मापदण्डों के अनुरूप मतदान केन्द्रों को स्थापित करने एवं पूर्व स्थापित मतदान केन्द्रों का युक्तियुक्तकरण किया जाना है।

---

अंचल के सीएम को पाकर भर आई आंखे

# शासन के सीएमओ पेज में छाये रहे जशपुरिहा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**पत्थलगांव, 15 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ के चौथे सी.एम के रूप में विष्णुदेव साय ने जैसे ही शपथ ली पूरे जशपुर जिले में दिवाली और होली एक साथ मनायी जाने लगी। बुधवार का दिन जिले के लिए एतिहासिक था,पहली मर्तबा जशपुर जिले को छत्तीसगढ की कमान संभालने का मौका मिला,बगिया के रहने वाले किसान परिवार मे जन्मे विष्णुदेव साय छत्तीसगढ के चौथे सी.एम के रूप मे बुधवार को शपथ लिये। जशपुर जिले से शपथ ग्रहण समारोह मे शामिल होने लगभग पांच हजार से भी अधिक लोग रायपुर पहुंचे हुये थे,सभी सरल,सहज एवं अपने चहेते मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की एक झलक पाने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे थे,देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आगमन के पश्चात विष्णुदेव साय ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली,जिसके बाद उन्होने एक एक कर छत्तीसगढ की जनता से भेंठ मुलाकात करनी शुरू की,इस बीच पूरे जशपुर जिले से हजारो की संख्या मे लोग उनसे मुलाकात करने पहुंचे हुये थे। इस गौरवमयी क्षण को शासन का सी.एम.ओ पेज भी कवर कर रहा था। जशपुर जिले से पहुंचे लगभग 80 लोगो को शासन के सी.एम.ओ पेज मे जगह मिलकर एक सम्मान प्रदान किया,जिसे देखने के बाद जशपुरिहा लोगो का सीना छप्पन इंच का हो गया था,सारे लोग सी.एम.ओ पेज मे अपनी फोटो देखकर विष्णुदेव साय के गुणगान कर रहे थे। आज जिले भर मे यह पेज सुर्खियों मे रहा,जशपुरिहा लोगो ने सी.एम.ओ पेज मे अपनी फोटो देखकर गौरांवित महसुस किया। भाजपा की युवा कार्यकर्ता गुडिया यादव का कहना था कि जशपुर के लोगो के लिए यह एक बहुत बडे सम्मान की बात है,जब जशपुर के लोगो को अपने बीच पले बढे सरल स्वभाव के व्यक्ति को सी.एम बनते देखकर उनसे मिलने एवं उनके साथ फोटो खिंचाने का मौका मिला उससे भी बडा पल यह रहा कि शासन के सी.एम.ओ पेज मे जशपुरिहा लोगो को जगह मिली। उन्होने इस सम्मान को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का दिया गया एक तोहफा बताया।

## राज्यस्तरीय बाल विज्ञान प्रतियोगिता के लिए जिले के बाल वैज्ञानिकों के मॉडल का चयन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद, 15 दिसंबर।** रवि शंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में 31 वे राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता मे गरियाबंद जिले के 5 प्रोजेक्ट का चयन राज्य स्तरीय पर हुआ। इसमें से एक प्रोजेक्ट 'प्लास्टिक के विकल्प के रूप में बायोप्लास्टिक' का चयन राष्ट्रीय स्तर पर हुआ है। शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय कोपरा के विद्यार्थी अन्नपूर्णा पटेल और मेघा वर्मा द्वारा बनाए विज्ञान मॉडल का चयन बाल विज्ञान कांग्रेस में किया गया। प्रतियोगिता पश्चात आज जिले के बाल वैज्ञानिक बच्चों ने कलेक्टर आकाश छिकारा से मुलाकात की। इस दौरान कलेक्टर श्री छिकारा और सीईओ जिला पंचायत श्रीमती रीता यादव ने बच्चों के प्रोजेक्ट का चयन राष्ट्रीय स्तर पर होने के लिए खूब बधाई दी। साथ ही निरंतर मेहनत करते हुए आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बच्चों द्वारा बनाए गए साइंस प्रोजेक्ट का राष्ट्रीय स्तर पर चयन होना जिले के लिए बड़ी गर्व की बात है। इससे जिले के बच्चों में छुपी प्रतिभा उभरेगी। साथ ही अन्य बच्चे विज्ञान और वैज्ञानिक गतिविधियों को पढ़ने और सीखने के लिए प्रेरित होंगे। इस दौरान डीईओ श्री रमेश निषाद, मार्गदर्शिका शिक्षिका माधुरी चक्रधारी, मनीषा साहू , मार्गदर्शक शिक्षक सतीश कुमार मालवीय, शिक्षक संजीत, सेजेस राजिम अनुष्का गुप्ता, देवप्रिया , शिक्षक समीक्षा गायकवाड, आई पी साहू, ज्ञानेंद्र शर्मा एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी सहित स्कूली बच्चे मौजद रहे।

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय स्तर पर चयनित प्रोजेक्ट 'प्लास्टिक के विकल्प के रूप में बायोप्लास्टिक' के माध्यम से जिले के बाल वैज्ञानिकों ने यह बताया है कि बायोप्लास्टिक पर्यावरण हित में बहुत ही लाभकारी है। इस मॉडल के माध्यम से यह बताया गया है कि प्लास्टिक जो कि पूर्णतः समाप्त नहीं होता है। जो कि पर्यावरण के लिए बहुत ही हानिकारक होता है। इसके विकल्प के रूप में बायोप्लास्टिक पर्यावरण के लिए बहुत ही लाभकारी और पर्यावरण संरक्षण में कारगर साबित हो सकता है। बायोप्लास्टिक जो की दिखने और उपयोग में प्लास्टिक की तरह होता है, लेकिन यह आसानी से नष्ट हो जाता है। जिससे पर्यावरण को नुकसान नही होता है। बच्चों की वैज्ञानिक सोच और पर्यावरण हितकारी विचार से बनाए इस विज्ञान मॉडल की सभी ने प्रशंसा की।

### नव निर्वाचित विधायक रोहित साहू ने जिला अधिकारियों की बैठक ली



**गरियाबंद,15 दिसंबर।** केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में राजिम के नव निर्वाचित विधायक रोहित साहू ने आज कलेक्टर व जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर अश्विनी भोई के साथ बैठक कर कार्यक्रम को सफल बनाने तथा अधिक से अधिक लोगों को योजनाओं का लाभ पहुँचाने का निर्देश दिए। 16 दिसंबर से 25 जनवरी तक चलने वाले इस कार्यक्रम के आयोजन को लेकर प्रशासन तैय्यारीयो में जुटा हुआ है। इसे लेकर विधायक रोहित साहू ने प्रशासन को इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए हैं। बैठक के दौरान उन्होंने प्रशासन स्तर पर की जा रही तैयारियों की जानकारी ली। ज्ञात हो कि इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम के तहत हितग्राहियों को मौके पर ही प्रशासन की टीम योजनाओं का लाभ मुहैया कराएगी।इधर विधायक रोहित साहू ने भाजपा पदाधिकारियों की बैठक लेकर प्रशासन के साथ सामंजस्य बिठाकर आमजनों के कार्य को प्राथमिकता के साथ पूरा करने में सहयोग प्रदान करने की बात कही। उन्होंने कहा कि ज्यादातर लोगों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुँचे। इस व्यवस्था के तहत सभी लोग मिलकर कार्य करे । इस दौरान प्रमुख रुप से भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश साहू, जिला महामंत्री अनिल चन्द्राकर, जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, मंडल अध्यक्ष सुरेन्द्र सोनटेके, भाजयुमो पूर्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अजय रोहरा, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजू साहू, वरिष्ठ नेता प्रशांत मानिकपुरी, किशोर साहू उपस्थित रहे।

## बैठक में स्वयंसेवकों को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के बारे में बताया



**बीजापुर 15 दिसंबर ।** जिले में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन एवं जागरूकता लाने के लिए कलेक्टर श्री राजेन्द्र कटारा द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग को जिले में अधिकाधिक प्रचार-प्रसार हेतु निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में बीजापुर जिला के बीजादूतीर स्वयं सेवक कार्यकर्ताओं की जागरूकता बैठक दिनांक 14 दिसम्बर 2023 को जिला पंचायत भवन में आहूत किया गया इस दौरान बीजापुर के 60 स्वयं सेवक उपस्थित रहे उपस्थित स्वयं सेवकों को जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री लुपेन्द्र महिनाग द्वारा ''बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ'' अभियान के बारे में बताया गया कि बेटी है तो कल है बेटी पढेगी तभी हर क्षेत्र में आगे बढेगी बेटी किसी से कम नहीं है हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। आप सभी अपने-अपने क्षेत्र के सभी शाला त्यागी बालिकाओं को शत् प्रतिशत स्कूल से जोडे जाने का प्रयास किया जाना है कोई भी छात्रा स्कूल से वंचित नहीं होना चाहिए। गॉव के सभी स्कूलों में बालिकाओं के लिए शौचालय का निर्माण शत् प्रतिशत होना चाहिए इसकी निगरानी आप लोगों की है आईसीडीएस की सार्वभौमिकरण के बारे में भी बताया गया। संयुक्त मदर चाईल्ड प्रोटेक्शन कार्ड का उपयोग करते हुए बालिकाओं की उपस्थिति और समान निगरानी एवं देखभाल सुनिश्चित करने के लिए बताया गया शिशु लिंगानुपात में प्रतिवर्ष 02 अंको की वृद्धि करना है 05 वर्ष से कम उम्र के शिशुओं की मृत्यु में प्रतिवर्ष 1.5 अंको की कमी लाना है शत् प्रतिशत संस्थागत प्रसव कराया जाना है 5 वर्ष से कम उम्र के बालिकाओं के पोषण स्तर में सुधार लाने के लिए संयुक्त सहभागिता का प्रयास किए जाने की आवश्यकता है। बाल सुरक्षातंत्र, संरक्षण तंत्र की जानकारी देते हुए बताया गया कि किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 एवं यौन अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के क्रियान्वयन के माध्यम से बालिकाओं के लिए एक सुरक्षात्मक वातावरण को बढ़ावा दिए जाने के लिए बताया गया बाल श्रम,शिक्षा का अधिकार अधिनियम,बाल यौन शोषण,बाल विवाह, घरेलू हिंसा अधिनियम, अनैतिक मानव व्यापार अधिनियम आदि कानूनी प्रावधानों के बारे में बताया गया। शासन की महत्वकांक्षी योजना पोषण अभियान के बारे में बताया गया कि जिले को कुपोषण एवं एनीमिया से मुक्त किया जाना है, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं मिशन वात्सल्य, महिला शक्ति केन्द्र, बेटी बचाव पेटी पढाओं, सखी वन स्टाप सेन्टर, प्रधानमंत्री मातृत्व योजना,नोनी सुरक्षा योजना, बाल संदर्भ योजना, महिला शक्ति केन्द्र आदि के बारे में बताया गया। इस दौरान जिला बाल संरक्षण श्री राहुल कुमार कौशिक, महिला एवं संरक्षण अधिकारी श्रीमती शीला भारद्वाज, जिला संमन्वयक सुश्री लेखिका साहू उपस्थित रहे।

---

## समाचार संक्षेप

### छात्र-छात्राओं को साइबर क्राइम, गुड टच-बेड टच की दी गई जानकारी




**बीजापुर 15 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मावा पुलिस केतुल के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं आदर्श गुरूकुल आवासीय विद्यालय गंगालूर के छात्र- छात्राओं को साइबर अपराध, गुड टच बैड टच के साथ यातायात नियमों सड़क दुर्घटना के कारणों संकेतों एवं चिन्हों के विस्तृत जानकारी दी गई । उप पुलिस अधीक्षक श्री विनीत साहू द्वारा वर्तमान परिवेश में पुलिस के कार्य, प्रशासनिक जानकारी एवं समाज में पुलिस की आवश्यकता के सबंध में बच्चों को बताया गया । निरीक्षक श्री साकेत बंजारे थाना प्रभारी गंगालूर द्वारा सायबर सबंधी अपराध, एटीएम फ्राड आदि के सबंध में जानकारी बच्चों को दी गई । सायबर फ्राड होने पर टोल फ्री नम्बर 1930 में डायल कर शिकायत दर्ज कराने के सबंध में बच्चों को बताया गया । यातायात शाखा से आरक्षक अवध राम सिन्हा द्वारा यातायात नियमों की जानकारी के अभाव में दुर्घटना घटित होती है दुर्घटना से बचाव हेतु चौक चौराहा पार करने का नियम ट्रैफिक सिग्नल लाइट हाथों के संकेतों, आदेशात्मक संकेत, चेतावनी एवं सूचनात्मक संकेत से संबंधित जानकारी दिया गया ।महिला एवं बाल विकास विभाग से सुश्री लेखिका साहू , सखी सेंटर से संरक्षक श्रीमति सुनिता तामड़ी एवं महिला प्रधान आरक्षक सरिता यादव द्वारा बच्चों को गुडटच-बेडटच, बाल संरक्षण, महिला संबंधी अपराध के सबंध में जानकारी दी गई । सामुदायिक पुलिसिंग के तहत् स्कूली बच्चों को खेल सामग्री सामग्री, चाकलेट आदि का वितरण किया गया ।

### लोगों को एड्स के प्रति किया जागरूक



**बीजापुर 15 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विश्व एड्स दिवस पखवाड़ा के मौके पर शासकीय उच्चतर स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम विद्यालय बीजापुर में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा छात्र छात्राओं के साथ विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमे मुख्य रूप से छात्र छात्राओं के द्वारा रैली एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से एड्स से बचाव एवं कारण का जोर शोर से प्रचार-प्रसार किया गया। कार्यक्रम में बढ़ कर छात्र- छात्राओं के द्वारा भागीदारी ली गई। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिला एड्स नोडल अधिकारी डॉ के चेलापति राव स्न्ह्रढ्ढ काउंसलर प्रमोद पटेल, कमलूराम ताती, क्षय रोग नियंत्रण से मनीष साहू डीपीसी, नरसिंग रत्नाकर टीबी एचआईवी कोर्डिनेटर, ओनेश दुर्गम, गोपीनाथ पत्रा पीरामल, प्राचार्य प्रभारी बीएल शर्मा व अन्य शिक्षक गण भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में निबंध प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं नुक्कड़ नाटक के समस्त प्रतिभागियों को प्रोत्साहन हेतु पुरुस्कार वितरण किया गया साथ में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को विशेष उपहार दिया गया । कार्यक्रम के अंत में जिला नोडल अधिकारी एवं, काउंसलर के द्वारा एचआईवी के चार कारणों 1 संक्रमित मां से बच्चे को 2 संक्रमित ब्लड चढ़ाने से 3 संक्रमित सुई से 4 असुरक्षित यौन संबंध से एवं सभी से बचाव के उपाय भी बताए गए और साथ में टोल फ्री नम्बर 1097 में कॉल कर अधिक जानकारी ले सकते हैं । जिला चिकित्सालय के आईसीटीसी केंद्र में निशुल्क जांच एवं परामर्श प्राप्त कर सकते हैं ।

### करंट लगने से एक युवक की मौत,दूसरा गंभीर

**बीजापुर 15 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बीजापुर मुख्यालय में एक निजी बिल्डिंग में पुट्टी पोताई का काम करते वक्त दो युवक बिजली के 11 केव्ही मेन लाइन के चपेट में आने से एक युवक मनीराम बघेल 30साल) की मौके पर मौत हुई दुसरा युवक रिंकू बघेल(28साल) की स्थिति गंभीर बताई गई है। जानकारी अनुसार गुरुवार सुबह उक्त दोनों युवक मनीराम और रिंकु बघेल ठेकेदार अंतुदास के कहने पर मेन रोड में जीआर काम्प्लेक्स में पुट्टी पोताई का काम करने गये थे। बिल्डिंग में लोहे का पाइप निकल रहे थे, उस दरम्यान लोहे का पाइप बिजली लाईन के 11केव्ही तार से टकरा गया। तार से टकराते ही दोनों युवकों को जबरदस्त करंट लगा जिससे एक युवक मनीराम बघेल की मौके पर मौत हो गई ? दुसरा रिंकू बघेल युवक करंट के झटके से गिर पड़ा। जिस हाथ पैर में चोंट पहुंचीं। डाक्टर के अनुसार घायल युवक को बेहतर उपचार हेतु जगदलपुर मेडिकल कालेज भेजा गया। टीआई संजय सिंह राजपूत ने बताया कि बिजली के करंट से दो युवक चपेट आये है। एक की मौत हुई है। दोनों युवक एक ठेकेदार के माध्यम से यहां काम करने आये थे। घटना सुबह 9 बजे के लगभग की है। परिजनों को सूचना दी गई है। परिजनों की उपस्थिति में मृत युवक का पोस्टमार्टम कराया गया। ठेकेदार,बिल्डिंग मालिक से घटना के संबंध में जानकारी ली जा रही है। पुलिस के द्वारा कार्यवाही की जा रही है। विधुत मंडल के अभियंता उर्वशा के अनुसार ऐसी घटनाएं लापरवाही से होती है। ठेकेदार को काम करने से पहले मजदूर युवकों के सुरक्षा पर ध्यान देना चाहिए। विधुल लाईन के पास लोहे के पाइप से काम को करने से घटना होने की संभावना रहती है।



---

शिक्षकों के ना रहने से स्कूलों में बच्चों की पढ़ाई पर पड़ रहा असर

# संशोधित शिक्षकों के लिए उच्च न्यायालय के आदेश का नहीं हो रहा पालन




**पत्थलगांव, 15 दिसंबर।** संशोधित शिक्षको के हित मे माननीय उच्च न्यायालय द्वारा दिये गये निर्देश का जशपुर जिला शिक्षा विभाग मे खुलकर मजाक उडाया जा रहा है,शिक्षा विभाग द्वारा माननीय उच्च न्यायालय के निर्देश को गंभीरता से परिपालन ना कराने के कारण अब भी अनेक शिक्षक स्कूलो मे अपनी ज्वाईनिंग नही दे पाये है। उसके अलावा सौ से भी अधिक शिक्षको का पिछले चार माह से वेतन रूका हुआ है,जशपुर जिला मे शिक्षा विभाग द्वारा माननीय उच्च न्यायालय के स्पष्ट आदेश के बाद भी स्कूलो मे संशोधन प्राप्त शिक्षको की ज्वाईनिंग ना कराना न्यायालय के निर्देश की अव्हेलना समझी जा रही है। दरअसल विगत चार माह पूर्व शिक्षक से उच्च वर्ग शिक्षक बने शिक्षको को काउंसलिंग के माध्यम से स्कूलो का चयन किया गया था,जिसमे से कुछ शिक्षको ने स्कूल दूर दराज एवं पहुंचविहीन मार्गो का हवाला देकर संयुक्त कार्यालय से स्थल संशोधन कराया गया था,जिसे बाद मे राज्य शासन की ओर से रदद करते हुये संशोधित शिक्षको को काउंसलिंग शाला मे ही ज्वाईनिंग करने के निर्देश दिये गये थे,जिसके बाद प्रदेश भर से संशोधित शिक्षको ने राज्य शासन के निर्देश के खिलाफ माननीय उच्च न्यायालय मे याचिका दर्ज करी थी,माननीय उच्च न्यायालय द्वारा लगभग एक माह पूर्व आये निर्देश मे संशोधित शाला एवं काउसलिंग शाला मे ज्वाईनिंग को लेकर शिक्षको के बीच संशय बरकरार था,जिसके बाद विद्वान अधिवक्ताओ द्वारा पुनः न्यायालय मे याचिका लगाकर पूर्व मे जारी निर्देश को स्पष्ट करने की अपिल की गयी थी,जिसके बाद माननीय उच्च न्यायालय द्वारा 5 दिसंबर को पुनः स्पष्ट निर्देश निकालते हुये सभी संशोधित शिक्षको को संशोधित शाला मे ही ज्वाईनिंग कराने की बात कही गयी है,परंतु उसके बाद भी जशपुर जिले के पत्थलगांव ब्लाक मे अब भी अनेक ऐसे शिक्षक है,जिनकी ज्वाईनिंग संशोधित शाला मे नही हो पायी है,जिसके कारण लंबे समय से शिक्षक स्कूल जाने से वंचित है।।

**दस दिन के अंदर करानी थी ज्वाईनिंग**-संशोधित शिक्षको को बडी राहत देते हुये माननीय उच्च न्यायालय द्वारा 5 दिसंबर को दिये स्पष्ट निर्देश मे दस दिनो के भितर सभी संशोधित शिक्षको को उनकी संशोधित शाला मे ही ज्वाईनिंग दिलाने के निर्देश दिये गये थे,परंतु जशपुर जिला शिक्षा विभाग द्वारा दस दिन बीत जाने के बाद भी अब तक शिक्षको की ज्वाईनिंग नही करा पाया है,जिससे स्पष्ट होता है कि जिला शिक्षा विभाग को माननीय उच्च न्यायालय के आदेश का उल्लंघन की भी कोई परवाह नही है।

**बच्चों की पढाई हो रही बाधित**-:शिक्षक से पदोन्नति पाकर उच्च वर्ग शिक्षको के शाला मे ना जाने से वहा अध्ययनरत बच्चो की पढाई पर विपरीत असर देखने को मिल रहा है। शिक्षको की माने तो उनकी पदोन्नति विषयवार अनुसार होकर विषय शिक्षक ना रहने वाली जगहो पर ही ज्वाईनिंग करायी गयी थी,परंतु ज्वाईनिंग स्कूलो मे विषयवार शिक्षक लंबे समय से ना रहने के कारण अध्ययनरत बच्चो की पढाई पर विपरीत असर पड रहा है,इस बात की सुध शिक्षा विभाग द्वारा जरा भी नही ली जा रही है।।

--माननीय उच्च न्यायालय के निर्देश का सभी को पालन करना है,जिला शिक्षा अधिकारी न्यायालय के आदेश पर परिपालन निर्देश निकालकर शिक्षको की ज्वाईनिंग करा सकते है।

**संजय गुप्ता-संयुक्त संचालक-शिक्षा विभाग-सरगुजा**

## एक नजर

### घासीदास जयंती पर शुष्क दिवस घोषित

**बलौदाबाजार, 15 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर चंदन कुमार द्वारा 18 दिसम्बर को ''गुरू घासीदास जयंती'' के अवसर पर जिले में मदिरा दुकानों को बंद रखने हेतु 'शुष्क दिवस' घोषित किया गया है। उन्होंने 18 दिसम्बर को ''गुरू घासीदास जयंती'' के अवसर पर जिले के देशी-विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानें देशी मदिरा सीएस 2 (घघ), सीएस 2(घघ) कंपोजिट विदेशी मदिरा एफएल 1 (घघ), एफ.एल.4 एवं मद्य भण्डागार को 17 दिसम्बर को समयावधि पश्चात बंद करने सहित 18 दिसम्बर सोमवार को पूर्णतः बंद रखने तथा अवैध शराब के विक्रय पर समुचित नियंत्रण रखने के निर्देश जारी किए हैं।

### प्राकृतिक आपदा में मृत 3 व्यक्तियों के वारिसान को 4-4 लाख की सहायता

**बालोद, 15 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने आदेश जारी कर राजस्व पुस्तक परिपत्र (आर.बी.सी.) 6-4 के तहत् जिले में प्राकृतिक आपदा नैसर्गिक विपत्तियों के कारण 03 मृत व्यक्ति के परिवार (निकटतम वारिस) को आर्थिक सहायता अनुदान दिए जाने के प्रावधानों अनुसार 04-04 लाख रूपए आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किया है। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदारों को निर्देशित किया है कि वे स्वीकृत राशि का आहरण एवं भुगतान मृतकों के निकटतम वारिस को करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में मृतक योगेश कुमार के पुत्र पुनम यादव बालोद, मृतक टाकेश्वरी सोरी के पति दुलेश्वर सोरी ग्राम मथेना तहसील डौण्डी एवं मृतक लोकेश कुमार की पत्नी केशरी बाई ग्राम हीरापुर तहसील बालोद को 04-04 लाख रूपये स्वीकृत किया गया है।

### मछुआ सहकारी समिति सदस्यता सूची का प्रकाशन, 19 कर सकते हैं दावा-आपत्ति

**बलौदाबाजार, 15 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सोसाइटी बोर्ड के सदस्यों का निर्वाचन आगामी तिथि को साधारण सभा/ विशेष साधारण सभा में सम्पन्न की जायेगी। समिति की सदस्यता सूची का प्रकाशन संस्था कार्यालय असनींद, विकासखंड कार्यालय बलौदाबाजार, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्या. शाखा कसडोल एवं कार्यालय उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं बलौदाबाजार में किया गया है। सूची के संबंध में यदि किसी भी सदस्य को सूची प्रकाशन पर दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो दिनांक 13 दिसम्बर से 19 दिसम्बर 2023 तक सोसायटी कार्यालय में सचिव, जानकी यदु या कार्यालय उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं बलौदाबाजार में सप्रमाण लिखित में प्रस्तुत कर सकते है। प्राप्त दावे एवं आपत्तियों का निराकरण सोसायटी कार्यालय में दिनांक 20 दिसम्बर 20 को प्रातः 11 बजे से किया जावेगा। उक्त दावा आपत्तियों के निराकरण के दिन सदस्य उपस्थित हो सकते है। आपत्तियों के संबंध में पृथक से व्यक्तिगत सूचना नहीं दी जायेगी।

### मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के लिए 15 जनवरी तक आवेदन

**बालोद, 15 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ शासन महिला एवं बाल विकास विभाग की महत्वपूर्ण मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत पात्र हितग्राहियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। इस योजना का लाभ लेने हेतु पात्रताधारी ईच्छुक जोड़ों को अपने क्षेत्र की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पर्यवेक्षक अथवा परियोजना अधिकारी के समक्ष 15 जनवरी तक विधिवत रूप से पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी विपिन जैन ने बताया कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत मुख्यमंत्री खाद्यान्न सहायता योजना के राशन कार्डधारी परिवार की प्रथम 02 पुत्रियों का विवाह कराया जा सकता है। जिसकी न्यूनतम आयु 18 वर्ष तथा वर की न्यूनतम उम्र 21 वर्ष होनी चाहिए। दोनों को अविवाहित तथा कन्या को छत्तीसगढ़ (यथासंभव बालोद जिले का) का मूल निवासी होना चाहिए। वर-वधू की आयु का सत्यापन शैक्षणिक योग्यता संबंधी प्रमाण पत्र अथवा जन्म प्रमाण पत्र के आधार पर ही किया जाएगा। उन्होंने बताया कि निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र के साथ आयु का निर्धारण संबंधी प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, मुख्यमंत्री खाद्यान्न सहायता योजना के तहत प्रदत्त राशन कार्ड की छायाप्रति, वर-वधू की पासपोर्ट साईज की फोटो, आधार कार्ड की फोटोकापी तथा वर-वधू के अविवाहित होने संबंधी प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक होगा।

---

### तिल्दा नेवरा पंचकल्याणक के छठा दिवस: सालभर बाद राजा श्रेयांस के यहां हुआ आदिसागर मुनिराज का आहार

# ज्ञान कल्याणक आदि तीर्थंकर को हुआ कैवल्यज्ञान, समवशरण की हुई रचना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 15 दिसम्बर।** धर्म नगरी तिल्दा नेवरा में परम संत शिरोमणी 108 विद्यासागर महामुनिराज के ससंघ सानिध्य प्रतिष्ठाचार्य वाणी भूषण बाल ब्रह्मचारी विनय सम्राट भैया के प्रतिष्ठाचार्यत्व में आयोजित मज्जिनेन्द्र पंचकल्याणक जिनबिंब प्रतिष्ठा महामहोत्सव के छठवें दिन होने वाले आदि तीर्थंकर मुनि आदि सागर का ज्ञान कल्याणक मनाया गया।

वैराग्य होने के बाद जब मुनि आदिसागर महाराज वन में जाकर तपस्या करते है तो छह माह तक मौन रहकर वन में कठिन तपस्या करते है और छह माह बाद जब वह आहार चर्या को निकलते हैं तो उन्हें कहीं विधि नहीं मिलती उस काल मे कोई यह नहीं जानते थे कि मुनिराज को किस तरह विधि पूर्वक मन वचन क़ाय की शुद्धि के साथ पड़गाहन कर आहार दान किया जाता है इस तरह छह माह ओर बीत जाते है तभी राजा श्रेयांस को पूर्व जन्म का आभास होता है और वह मुनि आदि सागर महाराज को विधि पूर्वक आहार चर्या के लिए पड़गाहन करते है और इछुरस का आहार कराते हैं इस तरह मुनि को सालभर के पश्चात आहार होते हैं।



महामहोत्सव स्थल के मंच पर वाणी भूषण बाल ब्रह्मचारी विनय सम्राट भैया के कुशल संचालन में मंच पर इन धार्मिक क्रियाओं का मंचन होता है दोपहर बाद आदि सागर मुनिराज को तपस्या करते हुए कैवल्यज्ञान की प्राप्ति होती है कैवल्यज्ञान प्राप्त होने के बाद समवशरण की रचना होती है आदि तीर्थंकर के जीव को आदिसागर मुनीराज के रूप में कैवल्यज्ञान की प्राप्ति होते ही परम संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर भगवन मुनिराज प्रसाद सागर मुनिराज चन्द्रप्रभ सागर मुनिश्री निरामय सागर ससंघ समवशरण में विराजमान होते हैं आदि तीर्थंकर के समवशरण में सभी जीव मनुष्य तिर्यंच आदि सभी पहुचते हैं और मुनि आदिसागर को नमोस्तु करते हुए समवशरण में विराजमान होते हैं कोई भी जीव चाहे मनुष्य और तिर्यंत हों सभी पशु पक्षी वन्य प्राणी आदि सभी समवशरण में शामिल होते हैं कोई किसी का दुश्मन नहीं रहता कोई किसी की बुराई नहीं करता बल्कि सभी एक साथ बैठते हैं जहां आदि तीर्थंकर की वाणी खिरती है जो प्रत्येक प्राणी को उन्हीं की भाषा मे स्वतः समझ आती है सभी जीवों को मुनि आदि सागर दिव्य देशना देते हैं इस तरह मुनि आदि सागर का जन्म कल्याणक भक्ति भाव के साथ मनाया गया। ज्ञान कल्याणक पर समवशरण के सर्वप्रथम दर्शन का शौभाग्य रवि सेठी परिवार रायपुर को प्राप्त हुआ सौधर्म इंद्र परिवार को आरती करने का शौभाग्य प्राप्त हुआ कवि रजेश जैन रज्जन ने इस दौरान कुशल मंच संचालन किया। जैन समाज तिल्दा के अध्यक्ष मनोज कुमार महेंद्र कुमार जैन सहित सकल दिगंबर जैन समाज तिल्दा नेवरा के तन मन धन से धर्म के प्रति समर्पण से ही तिल्दा नेवरा को का ससंघ आशीर्वाद ओर पंचकल्याणक महामहोत्सव का पुण्य कमाने का अवसर मिला।

**धन्य हैं तिल्दा नेवरा के सभी वर्ग के लोग:** धर्म नगरी तिल्दा नेवरा में सभी वर्ग विप्र समाज अग्रवाल समाज सिंधी समाज केशरवानी समाज नगर पालिका परिषद ओर सभी वर्गो के लोग धन्य हैं जिन्होंने इस धार्मिक आयोजन मे तन मन धन से समर्पित होकर सर्वधर्म संभाव का शुभ सन्देश दिया। 108 विद्यासागर महामुनिराज ने पाषण से भगवान बनाने पंचकल्याणक में जिन प्रतिमाओं को सूर्यमन्त्र दिया।

**दर्शन करने लगी रही नेताओ की लाइन:** आचार्य के दर्शनार्थ प्रतिदिन बड़ी संख्या में नेता विधायक आदि पहुच रहे हैं गुरुवार को गौरीशंकर अग्रवाल पूर्व विधायक देव भाई पटेल नपाध्यक्ष लेमीक्षा गुरु सहित कई नेता पहुचे ने सभी को अपना मंगल आशीर्वाद प्रदान किया।

**हाइकू कविता से प्रधानमंत्री को दिया आशीर्वाद:** परम दिगंबर जैनाचार्य विद्यासागर महामुनिराज भारत को प्राचीन समय का आत्मनिर्भर सशक्त भारत बनाने बड़े बड़े राजनीतिकों को अपने आशीर्वाद के साथ उनका मार्गदर्शन कराते रहे हैं राष्ट्रचितक ने अपने अनमोल वचनों में हाइकू कविता-

**भारत बसा उनसे जिनका तो घर न बसा:** उक्त हाइकू कविता के माध्यम से ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आशीर्वाद देते हुए कहा कि हमारे पास आते रहते हैं वह भारत को भारत बना रहे हैं उन्होंने देश की सेवा करने अपना घर तक नहीं बसाया उन्हें हमारा आशीर्वाद ने कहा कि सुना है अब राष्ट्रपति भवन में भी विदेशी मेहमानो को भांरतीय शुद्ध शाकाहारी व्यंजन बनते हैं अहिंसा शाकाहार की हमारी प्राचीन संस्कृति रही है अब अहिंसा धर्म का राज चल रहा है प्रधानमंत्री भी अहिंसक शाकाहारी हैं यह अछि बात है।

---

### जिला पंचायत सीईओ ने किया पंचायत विभाग के विभिन्न योजनाओं की समीक्षा

# -अटल चौक की सफाई व रंग-रोगन के दिए निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 15 दिसम्बर।** कलेक्टर चंदन कुमार के निर्देश पर जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन के द्वारा आज जनपद पंचायत भाटापारा के सभाकक्ष में आज पंचायत विभाग के विभिन्न योजनाएं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, ग्रामीण आजीविका मिशन, मनरेगा एवं स्वच्छ भारत मिशन सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक की गई। उक्त बैठक में सभी अधिकारियों को गांव गांव में बनाएं गए अटल चौक की साफसफाई कर रंग रोगन करने के निर्देश दिए है। साथ ही इसका प्रतिदिन रिपोर्ट जिला कार्यालय को प्रेषित करते हुए फोटोग्राफको पोर्टल में इंट्री करने के लिए निर्देशित किए है।

जैन ने मनरेगा में अधिक से कार्यो को स्वीकृत करने, स्वच्छ भारत मिशन में बचे हुए भुगतान को शीघ्र करने कहा गया है। बैठक में सभी पीओ, एपीओ, यंग प्रोफेशनल, पीआरपी आवास के ब्लॉक कोआर्डिनेटर की उपस्थिति में योजनाओं की समीक्षा की गई। ग्राम पंचायतों में स्व सहायता समूहों को सक्रिय करने एवं नये स्व सहायता समूहों का चयन करने समूहों को सक्रिय रूप से कार्य करने व कृषि विभागएवं पंचायत विभाग को तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान करने निर्देशित किया गया। उक्त बैठक में आवास योजना के संबंध में ग्राम सभा से प्राप्त प्रस्ताव अनुसार पात्र अपात्र हितग्राहियों को चिन्हांकित करने तथा पंजीयन में तेजी लाने के साथ ही पंजीकृत हितग्राहियों का आज ही जियो टेगिंग करने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायतों में सार्वजनिक शौचालय के कार्य पूर्ण नहीं होने पर जिला पंचायत सीईओ जैन ने गहरी नाराजगी व्यक्त कर जल्द ही कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए है। उक्त बैठक में सहायक परियोजना अधिकारी मनरेगा केके साहू, आवास प्रभारी भार्गव सभी जनपद सीईओ सहित पंचायत विभाग के अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहे।




### 31 दिसम्बर तक हासिल करें बीमा का लक्ष्य, चना, गेहूं, सरसों और अलसी की फसल अधिसूचित

कलेक्टर चंदन कुमार ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत रबी सीजन के लक्ष्य को 31 दिसम्बर तक हर हाल में हासिल करने के निर्देश दिए हैं। जिले में रबी मौसम में के लिए 95 गाँवो को अधिसूचित किया गया है। जिसमें विकासखंड बलौदाबाजार के 2, भाटापारा के 56, सिमगा 36 एवं कसडोल के 1 गाँव शामिल है जिसमे से किसानों के बीमा कराने का लक्ष्य मिला है। मुख्य फसल के रूप में चना और अन्य फसलों के अंतर्गत गेहूं सिंचित, गेहूं असिंचित राई-सरसों और अलसी का बीमा किया जाएगा। कलेक्टर ने बीमा कराने की अत्यंत धीमी प्रगति पर नाराजगी जाहिर करते हुए कृषि विभाग को अगले सात दिनों तक अभियान चलाकर लक्ष्य हासिल करने के निर्देश दिए हैं। कुमार ने आज यहां जिला कार्यालय के सभाकक्ष में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत गठित जिला स्तरीय पर्यवेक्षण समिति की बैठक में इस आशय के निर्देश दिए। कलेक्टर ने फसल बीमा योजना के फायदे का ठीक तरीके से प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने को कहा है। उन्होंने कहा कि फसल के नुकसान होने की दशा में किसानों को क्षति के अनुपात में मुआवजा राशि मिलती है। उन्होंने कहा कि पिछले साल खरीफ मौसम में किसानों को लगभग 20 करोड़ 93 लाख प्रीमियम के बदले 39 करोड़ 53 रुपए की बीमा राशि मिली थी। उन्होंने कहा कि बीमा कराने के लिए अब ग्राम पंचायत को यूनिट माना गया है। खरीफ फसल बीमा के दौरान जिले के कुछ ग्राम पंचायतों में किसानों के बीमा मुआवज़ा नही मिलने की शिकायत प्राप्त हुई है जिसे तत्काल जानकारी लेकर संबंधित बीमा कम्पनी से लेकर एक सप्ताह के भीतर इसका मिलान और निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश उप संचालक कृषि को दिए हैं। कलेक्टर ने बीमा संबंधी मिले शिकायतों का गंभीरतापूर्वक निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने पूर्व के वर्षों में हुई गलती को इस साल दुरूस्त करने को कहा है। कलेक्टर आगामी 29 दिसम्बर को स्वयं आरएईओ स्तर के कृषि अमले की बैठक लेकर इसकी सूक्ष्म समीक्षा करेंगे। बैठक में सहायक कलेक्टर नम्रता चौबे, लीड बैंक मैनेजर चौहान, उप संचालक कृषि दीपक नायक, सहकारिता पंजीयक सुरेंद्र गौड़, सहकारी बैंक नोडल अधिकारी शर्मा, कृषक प्रतिनिधि सहित बैंकर्स, बीमा कम्पनी, किसान प्रतिनिधि और कृषि विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

---

# प्रधानमंत्री आवास योजना से गरीब ढाल सिंह को मिला सुरक्षित आशियाना




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बालोद, 15 दिसम्बर।** रोटी, कपड़ा और मकान व्यक्ति की बुनियादी आवश्यकता है। जीविकोपार्जन की साधन की प्रबंध हो जाने के पश्चात् आदमी के लिए सुरक्षित मकान की उपलब्धता उनके सर्व प्रमुख आवश्यकताओं में से एक है। लेकिन गरीबी एवं लाचारी के चलते इसका प्रबंध कर पाना भी व्यक्ति के लिए मुश्किल कार्य होता है। खास करके मेहनत-मजदूरी कर जीवन-यापन समाज के निम्न वर्ग के लोगों के लिए अपने लिए सुरक्षित मकान का निर्माण कर पाना जीवन भर एक सपना रह जाता है। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाले भारत सरकार के प्रधानमंत्री आवास योजना के सफल क्रियान्वयन के फलस्वरूप कभी असंभव लगने वाला कार्य आज हकीकत में चरितार्थ हो रहा है। बालोद जिले में भी इस योजना के सफल क्रियान्वयन के चलते हजारों ग्रामीणों का पक्का मकान बनाने का सपना साकार हुआ है। इस जन कल्याणकारी योजना के फलस्वरूप जिले के बालोद विकासखण्ड के ग्राम उमरादाहा के मेहनत मजूदरी कर जीवन-यापन करने वाले अत्यंत गरीब हितग्राही ढाल सिंह पटेल एवं उनके परिवार को सुरक्षित आशियाना मिल गया है। जिसके कारण ढाल सिंह पटेल की पक्का मकान बनाने की वर्षों पुराना सपना साकार हो गया है।

---

### अयोध्या के राम मंदिर में 22 जनवरी को विराजेंगे प्रभु श्री राम, नगर के मानस मंदिर में प्रोजेक्टर से दिखाया जाएगा सीधा प्रसारण

# राम लला की प्राण प्रतिष्ठा को उत्सव के रूप में मनाने की तैयारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 15 दिसम्बर।** अयोध्या के राम मंदिर में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होनी है। इसे उत्सव का रूप देने की तैयारी शुरू हो गई है। शहर में भी उत्सव मनाया जाएगा।इसकी तैयारी को लेकर गुरुवार को मानस मंदिर में बैठक हुई।इसमें निर्णय लिया गया कि सभी से अपील की जाएगी कि 22 जनवरी को सभी लोग अपने घरों में दीप जलायें।साथ ही धार्मिक स्थल भी दीपों से जगमाएंगे।इसके अलावा हर गली - मोहल्ले के मंदिर और संस्थान सुबह प्रभात फेरी निकालें।पूरे समय भजन-कीर्तन किया जाये।शाम को भंडारा हो शहर के सभी भजन मंडलियों को हर इलाके में भजन-कीर्तन करने का जिम्मा देने का निर्णय लिया गया।विश्व हिन्दू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष उज्जवल जैन ने बताया कि कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई है।इसकी जिम्मेदारी अभी देनी बाकी है। अगले रविवार को शहर के सभी भजन मंडलियों, धार्मिक स्थलों के पदाधिकारियों, संगठनों को बैठक में आमंत्रित किया गया है।इस बैठक में सभी को जिम्मेदारियों बांटी जाएंगी।उन्होंने बताया कि प्राण-प्रतिष्ठा के समय अयोध्या में सब लोग नहीं जा सकते, इसलिए वे भगवान की प्राण-प्रतिष्ठा का जश्न अपने घर में ही मनाएं।इसलिए निर्णय लिया गया है।इस




दौरान लोगों से दिवाली की तरह घरों को सजाने, रंगोली बनाने, दीप जलाने और आतिशबाजी करके जश्न मनाने का आग्रह किया जाएगा।22 जनवरी को घर और मंदिरों को सजाकर वहां हनुमान चालीसा, सुंदरकांड का पाठ, भजन-कीर्तन कराया जाएगा।

**मानस मंदिर में प्रोजेक्टर पर दिखाया जाएगा पूरा कार्यक्रम:** बैठक में निर्णय लिया गया कि मानस मंदिर से सुबह 7 बजे प्रभार फेरी निकाली जाएगी। सुबह 10 बजे से भजन-कीर्तन होगा। दोपहर 12 बजे महाआरती होगी। इसके बाद पूड़ी-हलवा का प्रसाद वितरित किया जाएगा।शाम को 6 बजे मंदिर को दीपों से सजाया जाएगा।साथ ही भगवान की प्राण-प्रतिष्ठा प्रोजेक्टर के माध्यम से मंदिर में भक्तों को दिखाया जाएगा।

**कार सेवक व आंदोलन में शामिल लोगों को किया जाएगा सम्मानित:** बैठक में निर्णय लिया गया कि शहर के जो लोग भी मंदिर के आंदोलन और निर्माण में शामिल रहे हैं।जो भी कार सेवक हैं, उनकी सूची तैयार कर 22 जनवरी को उन्हें सम्मानित किया जाएगा।

**अक्षत लेकर घर-घर जाएंगे रामभक्त:** समाजसेवी शीतल ध्रुव ने बताया कि प्राण-प्रतिष्ठा के बाद मार्च तक भक्तों को दर्शन के लिए आमंत्रित भी किया जाएगा।इसके लिए छत्तीसगढ़ से 35 लाख परिवारों को अयोध्या का अक्षत देकर न्योता दिया जाएगा।भक्त घर-घर जाकर हल्दी और अक्षत देकर अयोध्या में रामलला के दर्शन के लिए आमंत्रित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 22 जनवरी को पूरे देश से सिर्फ 7 हजार लोग अयोध्या के समारोह में शामिल होंगे। 5 फरवरी को छत्तीसगढ़ से विश्व हिंदू परिषद और आरएसएस के अनुशांगिक संगठनों से 2500 सदस्य राम लला के दर्शन के लिए अयोध्या पहुंचेंगे। मार्च से आम लोग भी दर्शन करने जा सकेंगे।

**नगर में आज पहुंचेगा अक्षत कलश:** विश्व हिन्दू परिषद के विभाग अर्चक पुरोहित मेषनंदन पांडेय ने बताया कि 22 जनवरी को प्रभु श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा अयोध्या में होनी है। जिसमें पुरे देश के श्रद्धालुओं को निमंत्रण हेतु अयोध्या से अक्षत कलश जिला मुख्यालय पहुंच गया है।शुक्रवार को जिला मुख्यालय से पांचों प्रखंड में अक्षत कलश वितरण किया जाएगा।जो विकासखंड मुख्यालय छुरा दोपहर 3 बजे पहुंचेगा।अक्षत कलश शीतला मंदिर प्रांगण से स्वर्ण जयंती चौक, बजरंग चौक, शिव चौक से कोमाखान रोड होते हुए मानस मंदिर परिसर पहुंचेगा।जहां अक्षत कलश का अनेक जगहों पर स्वागत किया जायेगा।बैठक में जिला महामंत्री वेदराम नंदे, मनीष सारडा, महेन्द्र द्विवेदी, सफर सचदेव, कुलेश्वर सिन्हा, रामशरण पुरैना, वेदु निर्मलकर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

---

## समाचार संक्षेप

### ब्लाक सचिव संघ के अध्यक्ष चेतन सोनकर चुने गए



**छुरा, 15 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** गुरुवार को जिला गरियाबंद अंतर्गत ब्लाक इकाई छुरा सचिव संघ द्वारा चुनाव करवाया गया जिसमें अध्यक्ष पद के निर्वाचन प्रक्रिया के तहत चेतन सोनकर चुने गए, कुल मत 68 पड़े जिसमें से चेतन सोनकर को सर्वाधिक मत 47 प्राप्त हुए एवं निकटतम प्रतिद्वंदी कृषलाल सिन्हा को 21 मत प्राप्त हुए। चेतन सोनकर को निर्वाचन अधिकारी जिला अध्यक्ष प्रवीण साहू एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी गजेन्द्र साहू ने प्रमाण पत्र सौंपा एवं छुरा ब्लाक इकाई के अध्यक्ष बनने पर बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया। साथ ही नवनिर्वाचित अध्यक्ष सोनकर एवं प्रवीण साहू एवं पदाधिकारियों ने मिलकर सर्वसम्मति से ब्लाक इकाई में संरक्षक कृष लाल सिन्हा, सचिव बोधन साहू, कोषाध्यक्ष कांशी राम साहू, उपाध्यक्ष होमिन सेन, सहसचिव सुरेश साहू, प्रवक्ता गजेन्द्र साहू, मीडिया प्रभारी खेमन साहू, सोशल मीडिया प्रभारी भाई देचंद ध्रुव, मनोनित किए गए। इस अवसर पर रामगोपाल ध्रुव, भूपेंद्र सेन, रामखिलावन ठाकुर, झंगलू साहू, विष्णु साहू, संतोष यादव, रेवा साहू, गीतेश्वरी साहू, उषा साहू, उमा साहू, अंबिका सोनी, कमला ध्रुव, खोमेश्वरी साहू, हेमलता यादव, लक्ष्मण भोई, ताराचंद साहू, रामगोपाल, धनेश साहू, अम्बा लाल, द्वारिका साहू, द्वारिका सेन, डेरहा कुर्रे, भीषम कोशले, युवराज साहू, युवराज सिंहा, दूवन तारक, तीरथ नेताम, भुनेश्वर ध्रुव, दिलीप चंद्राकर, हुलास बघेल, संतोष ठाकुर, नारद पटेल, नमीश पटेल, ममता साहू, पवन नागेश, देवेंद्र ठाकुर लक्ष्मण भोई समस्त सचिव उपस्थित रहे व सभी ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किये।

### शाकंभरी सेवा संस्थान कर रही जरूरतमंद लोगों की मदद



**छुरा, 15 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कड़ाके के ठंडी से बचने के लिए वृध्द बुजुर्गों के लिये छत्तीसगढ़ शाकंभरी सेवा संस्थान द्वारा जरूरतमंद लोगों को गरम कपड़ व कम्बल के साथ लिफाफे में सहयोग राशि भेंट करते हुए सर्व आदिवासी समाज के प्रांतीय उपाध्यक्ष व क्षेत्रीय जनपद सदस्य नीलकंठ सिंह ठाकुर और समाजसेवी मनोज पटेल द्वारा सहयोग किया जा रहा है

### दिव्यांगों को बांटे गए सहायक उपकरण




**बलौदाबाजार, 15 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर चंदन कुमार के निर्देश पर समाज कल्याण विभाग द्वारा जनचौपाल में मिले आवेदन अनुसार 2 मोट्राईज्ड, एक सी.पी. चेयर एवं एक श्रवण यंत्र वितरण किया गया। जिसमें नगर पालिका भाटापारा निवासी अशोक ध्रुव, ग्राम ठेलकी के ईश्वरलल सेन को मोट्राईज्ड प्रदान किया गया। इसी तरह ग्राम रावन निवासी सुमंत वर्मा एवं ग्राम डोटोपार के काव्यांश यादव को श्रवण यंत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर उप संचालक समाज कल्याण विभाग अरविंद गेड़ाम सहित विभाग के समस्त कर्मचारी गण उपस्थित थे।

